# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 01 फरवरी 2026

संवत 2082, माघ शुक्लपक्ष पूर्णिमा, मूल्य 2 रुपये

वर्ष-9, अंक 141, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028






# बजट 2026

## '3 कर्तव्यों' पर आधारित विकास का रोडमैप

# 'सबका साथ सबका विकास' का संकल्प

### -इनकम स्लैब में कोई बदलाव नहीं, कैंसर की 17 दवाइयां सस्ती

**एजेंसी**

**नई दिल्ली:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज संसद में अपना रिकॉर्ड नौवां केंद्रीय बजट (2026-27) पेश किया। यह बजट न केवल अपने आंकड़ों के लिए, बल्कि अपनी वैचारिक नींव के लिए भी खास है। वित्त मंत्री ने बताया कि यह बजट '3 कर्तव्यों' से प्रेरित है, जो देश की आर्थिक वृद्धि, जन-आकांक्षाओं और समावेशी विकास को समर्पित हैं।

उन्होंने कहा कि बजट का कर्तव्य आर्थिक विकास को तेज करना और बनाए रखना, लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना है और साथ ही यह भी सुनिश्चित करना है कि हर परिवार, समुदाय और क्षेत्र को संसाधनों, सुविधाओं और अवसरों तक पहुंच मिले।

उन्होंने कहा यह देखते हुए कि यह कर्तव्य भवन में तैयार किया गया पहला बजट है, हम 3 कर्तव्यों से प्रेरित हैं। पहला कर्तव्य उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा बढ़ाकर और अस्थिर वैश्विक गतिशीलता के प्रति लचीलापन बनाकर आर्थिक विकास को तेज करना और बनाए रखना है। दूसरा कर्तव्य हमारे लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना और उनकी क्षमता का निर्माण करना है, जिससे वे भारत की समृद्धि के मार्ग में मजबूत भागीदार बनें। तीसरा कर्तव्य, सबका साथ सबका विकास की दृष्टि के अनुरूप, यह सुनिश्चित करना है कि हर परिवार, समुदाय, क्षेत्र और क्षेत्र को सार्थक भागीदारी के लिए संसाधनों, सुविधाओं और अवसरों तक पहुंच मिले।



**सस्ता**

- सोलर से जुड़े सामान
- 7 गंभीर रोगों की दवाएं
- जूते, ईवी बैट्री, ओवन
- शुगर की दवाई
- विदेश यात्रा
- सीएनजी
- कपड़ा
- सीएनजी
- एयरक्राफ्ट सें जुड़े सामान

**महंगा**

- शराब
- स्कैप
- खनिज

सरकार का संकल्प गरीब, वंचित और पिछड़े लोगों पर ध्यान केंद्रित करना है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि विकास का लाभ हर किसान, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और युवा तक पहुंचे, उन्होंने कहा।

केंद्रीय बजट 2026-27 पेश करते हुए, सीतारमण ने कहा, आर्थिक विकास को तेज करने और बनाए रखने के लिए, मैं छह क्षेत्रों में हस्तक्षेप का प्रस्ताव करती हूं :- रणनीतिक क्षेत्रों में विनिर्माण को बढ़ाना, पारंपरिक औद्योगिक क्षेत्रों को पुनर्जीवित करना, चैंपियन एमएसएमईएस बनाना, इंफ्रा के लिए बढ़ावा देना, दीर्घकालिक सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करना; शहरी आर्थिक क्षेत्रों का विकास करना।

सीतारमण ने आगे कहा, आत्मनिर्भरता को मार्गदर्शक मानते हुए, हमने घरेलू विनिर्माण क्षमता, ऊर्जा सुरक्षा का निर्माण किया है और महत्वपूर्ण आयात निर्भरता को कम किया है। साथ ही, हमने यह सुनिश्चित किया है कि नागरिकों को सरकार के हर कार्य से लाभ हो, रोजगार सृजन, कृषि उत्पादकता, घरेलू क्रय शक्ति और लोगों को सार्वभौमिक सेवाओं का समर्थन करने के लिए सुधार किए गए हैं। इन उपायों से लगभग 7% की उच्च विकास दर प्राप्त हुई है और हमें गरीबी कम करने और हमारे लोगों के जीवन में सुधार करने में महत्वपूर्ण प्रगति करने में मदद मिली है।

सीतारमण ने कहा, हमने दूरगामी स्ट्रक्चरल सुधार किए हैं। हमने पब्लिक इन्वेस्टमेंट पर जोर देते हुए, आत्मनिर्भरता को एक आधार बनाकर, फिस्कल समझदारी और मॉनेटरी स्थिरता बनाए रखी है। हमने घरेलू मैन्युफैक्चरिंग क्षमता बनाई है, एनर्जी सिक्योरिटी हासिल की है और जरूरी इंपोर्ट पर निर्भरता कम की है।

## बजट 2026 प्रमुख

- इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं, बजट पेश होने के बाद शेयर बाजार में हाहाकार
- बजट में टैक्सपेयर्स को बड़ी राहत, रिटर्न रिवाइज करने की डेडलाइन बढ़ी
- कैंसर की 17 दवाइयों पर कस्टम ड्यूटी नहीं, बनेंगे तीन आयुर्वेदिक एम्स
- रांची में निमहास-2 की होगी स्थापना
- चीन की मोनोपोली तोड़ने के लिए भारत का बड़ा दांव, 4 राज्यों में बनेंगे रेयर अर्थ मिनरल कॉरिडोर
- बायोफार्मा हब बनेगा भारत, बजट में मिली 10 हजार करोड़ की सौगात
- 'महात्मा गांधी ग्राम स्वराज योजना' से खादी और हस्तशिल्प को नई उड़ान, मेगा टेक्सटाइल पार्क्स की घोषणा
- देश में दौड़ेगी रफ्तार, निर्मला सीतारमण ने 7 नए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर का किया ऐलान
- अब एआई करेगा किसानों की मदद, वित्त मंत्री का 'भारत विस्तार' मास्टर प्लान, नारियल और काजू किसानों की भी बल्ले-बल्ले
- 2026 में खेलों पर बड़ा दांव, खेलो इंडिया मिशन से बदलेगा पूरा स्पोर्ट्स इकोसिस्टम
- हर जिले में एक महिला छात्रावास
- बैंकिग रिफॉर्म के लिए बनेगी हाई लेवल कमेटी
- पशु-चिकित्सा क्षेत्र में पेशेवरों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा और निजी क्षेत्र में पशु चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए पूंजी सब्सिडी सहायता योजना लाई जाएगी।
- निर्मला सीतारमण ने कहा,शी मार्क्स को कम्युनिटी-स्वामित्व वाली खुदरा दुकानों के रूप में स्थापित किया जाएगा, ताकि महिला उद्यमियों की मदद की जा सके।
- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि विदेश यात्रा कार्यक्रम पैकेज की बिक्री पर टीसीएस दर अब 2% होगी, जो पहले 5% और 20% थी। इसके लिए किसी राशि की शर्त नहीं होगी।

## अंधविश्वास: पति- पत्नी व बेटा को उतारा मौत के घाट, जांच में जुटी पुलिस



**एजेंसी**

**पलामू :** जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। पांकी थाना क्षेत्र के कुसडी इलाके में अंधविश्वास के कारण एक ही परिवार के तीन लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। मृतकों में पति, पत्नी और उनका बेटा शामिल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना पांकी थाना क्षेत्र से लगभग 35 किलोमीटर दूर कुसडी गांव में हुई। मृतकों की पहचान विजय भुइयां, उसकी पत्नी और उसके बेटे के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों ने विजय भुइयां और उसके परिवार पर ओझा-गुणी होने का शक जताते हुए उनकी हत्या कर दी।

पांकी थाना प्रभारी ने बताया कि ग्रामीणों के जरिए पुलिस को इस घटना की सूचना मिली। स्थानीय लोगों के अनुसार, विजय भुइयां का गांव के कुछ लोगों से लंबे समय से विवाद चल रहा था। देर रात कुछ लोग उसके घर पहुंचे और पहले मारपीट की। इसके बाद तीनों पर धारदार हथियार से हमला कर उनकी हत्या कर दी गई।

फिलहाल पुलिस ने शवों को कब्जे में ले.कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, घटना में शामिल आरोपियों की तलाश की जा रही है। पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## बिहार में भीषण सड़क हादसा

# दो बच्चों सहित 6 लोगों की मौत, सड़क पर बिखरीं लाशें,ऑटो के उड़े परखच्चे

**एजेंसी**

**पटना :** जिले में रविवार तड़के भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसने ने कई परिवारों को उजाड़ दिया। यहां एक तेज रफ्तार ट्रक ने यात्रियों से भरे ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में दो मासूम बच्चे भी शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार, घटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र में घटी। बताया जा रहा है कि सभी मृतक भोजपुर जिले के आरा के रहने वाले थे और मनेर दरगाह में उर्स में शामिल होकर ऑटो से अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान रात करीब दो बजे कोईलवर पुल के पास लेखनटोला इलाके में रॉन्ग साइड से आ रहे ट्रक ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और सवार यात्री सड़क पर दूर-दूर तक जा गिरे। घटनास्थल पर



शव करीब 50 मीटर तक बिखरे मिले। सड़क पर खून के धब्बे, कपड़े, चप्पल और अन्य सामान फैला हुआ था, जिससे हादसे की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

हादसे में आरा के मिल्की मोहल्ला निवासी गुड्डू (33), इम्तियाज (30), कायमनगर निवासी असद खान (25), मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दौलतपुर निवासी शहजाद (22) और उनके दो बच्चे शफान (3) तथा अल्फी (डेढ़ वर्ष) की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बिहटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे में घायल दो लोगों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ट्रक चालक की तलाश कर रही है और मामले की जांच जारी है।

## लोअर वर्धमान कंपाउंड में एक व्यक्ति की हत्या

**रांची:** राजधानी रांची के लोअर वर्धमान कंपाउंड स्थित गुलमोहर पार्क में बीती रात एक सनसनीखेज वारदात ने तहलका मचा दिया। मधेश्वर सिंह नामक व्यक्ति की बेरहमी से हत्या कर दी गई। हमला इतना घातक था कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की खबर फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। सुबह होते-होते गुस्साये स्थानीय लोग शव के साथ सड़कों पर उतर आये और लालपुर चौक को जाम कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित लोगों का कहना है कि इलाके में लगातार अपराध बढ़ रहे हैं, लेकिन पुलिस की कार्रवाई सिर्फ कागजों तक सीमित है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। खबर लिखे जाने तक हत्या किसने और क्यों की, इसका खुलासा नहीं हो सका था। हालात बिगड़ते देख प्रशिक्षु आईपीएस साक्षी जमुआर, लालपुर थानेदार रूपेश कुमार और सदर थानेदार कुलदीप कुमार मौके पर पहुंचे। अधिकारी गुस्साये लोगों से बातचीत कर स्थिति संभालने की कोशिश में जुटे रहे और भरोसा दिलाया कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी होगी। फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और मृतक के परिजनों व स्थानीय लोगों से पूछताछ जारी है।

## असम के दौरे पर रवाना हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन



- आदिवासी समुदाय से जुड़े अहम मुद्दों पर रखेंगे बात

**संवाददाता**

रांचीः मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज असम के दौरे पर रवाना हो गए हैं। वे वहां आयोजित एक बड़े आदिवासी सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वे ऑल असम आदिवासी स्टूडेंट्स एसोसिएशन की ओर से आयोजित महासभा 2026 कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

इस कार्यक्रम में वे आदिवासी समुदाय से जुड़े अहम मुद्दों पर अपनी बात रखेंगे। महासभा के मंच से मुख्यमंत्री आदिवासियों के अधिकार, विस्थापन की समस्या और सामाजिक न्याय जैसे विषयों को प्रमुखता से उठाएंगे। खास तौर पर वे असम में विस्थापित आदिवासियों की समस्याओं को सामने रखकर उनकी आवाज बनने की कोशिश करेंगे।

पिछले कुछ समय से असम को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा की गतिविधियां तेज हुई हैं। पार्टी नेतृत्व लगातार आदिवासी और क्षेत्रीय मुद्दों पर सक्रिय नजर आ रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इससे यह संकेत मिलता है कि झामुमो आने वाले असम चुनाव को लेकर अपनी राजनीतिक संभावनाओं को टटोल रहा है।

# राजकीय इटखोरी महोत्सव की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने किया स्थल निरीक्षण

## व्यवस्थाओं की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा- निर्देश



संवाददाता

**चतरा :** भव्य स्वरूप में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव (19, 20 एवं 21 फरवरी) के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त कीर्तिश्री ने इटखोरी स्थित भद्रकाली मंदिर परिसर एवं मुख्य कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंच, पंडाल, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, साफ-सफाई सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसके पश्चात उपायुक्त की अध्यक्षता में भद्रकाली मंदिर परिसर में मंदिर प्रबंधन के सम्मानित सदस्यों, मंदिर प्रबंधन न्यास बोर्ड एवं मां भद्रकाली रैयत संघ के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजकीय इटखोरी महोत्सव को और अधिक भव्य, सुव्यवस्थित एवं ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त द्वारा उपस्थित सदस्यों से आयोजन को बेहतर बनाने हेतु अपने-अपने सुझाव साझा करने का आग्रह किया गया। साथ ही पूर्व में आयोजित राजकीय इटखोरी महोत्सव के दौरान किए गए कार्यों की बिंदुवार जानकारी भी प्राप्त की गई।उपायुक्त ने मंदिर परिसर के रंग-रोगन एवं सौंदर्यीकरण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि महोत्सव के दौरान देश-प्रदेश से आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसको लेकर स्वास्थ्य टीम को एक्टिव मोड में रखने, पर्याप्त पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई एवं सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।उन्होंने राजकीय इटखोरी महोत्सव के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष बल देते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोग इस भव्य आयोजन के साक्षी बनें, इसके लिए सभी माध्यमों से प्रचार किया जाए। उपायुक्त ने बताया कि महोत्सव में प्रस्तुति देने वाले कलाकारों की चयन प्रक्रिया जारी है तथा शीघ्र ही कलाकारों की सूची सार्वजनिक की जाएगी। वहीं 19 एवं 20 फरवरी को बक्सा डैम में वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों के आयोजन को लेकर भी जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।उपायुक्त ने बैठक के दौरान यह भी कहा कि पूर्व के आयोजनों के अनुभव से यह बात सामने आई है कि कार्यक्रम स्थल पर आमजन एवं दर्शकगण कार्यक्रम प्रारंभ होने से काफी पहले ही पहुंच जाते हैं। ऐसे में दर्शकों को प्रतीक्षा अवधि के दौरान किसी प्रकार की असुविधा या ऊब न हो, इसके लिए मुख्य कार्यक्रम स्थल पर बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाए जाने का निर्णय लिया गया है। स्क्रीन के माध्यम से सांस्कृतिक एवं जानकारीपरक फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा, ताकि कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व भी दर्शकों का मनोरंजन एवं जुड़ाव बना रहे। इस दिशा में जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां एवं समुचित कदम उठाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने भदलपुर इटखोरी स्थित शीतलनाथ दिगंबर जैन मंदिर का भी निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं एवं तैयारियों की संक्षिप्त समीक्षा की। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, नगर परिषद की कार्यपालक पदाधिकारी बिनता कुमारी, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी कैलाश राम, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# हाथियों का हमला राहगीरों की मोटरसाइकिलों को किया क्षतिग्रस्त

## बाल-बाल बचे लोग, दहशत



संवाददाता

**गढ़वा :** आम राहगीरो की जान उस वक्त आफत मे पड़ गई जब सामने से हाथियों के झुंड ने उनपर हमला कर दिया। लोग जैसे तैसे जान बचा कर भागे लेकिन मोटरसाइकिल हाथियों के जद में आ गई । जिसके बाद लोगों में दहशत फैल गई है। मामला झारखंड-छत्तीसगढ़ बॉर्डर के माछपानी का है।

इलाके में दहशत का माहौलः धुरकी प्रखंड के संरक्षित वन क्षेत्र में जंगली हाथियों और मानव के बीच बढ़ता टकराव अब गंभीर रूप लेता जा रहा है। जंगल-पहाड़ों के लगातार हो रहे विनाश और प्राकृतिक आवास सिमटने के कारण जंगली हाथी अब गांव इलाकों और मुख्य सड़कों की ओर रुख कर रहे हैं। इसी कड़ी में झारखंड-छत्तीसगढ़ कनहरतटीय बालचौरा जंगल क्षेत्र में हाथियों के एक झुंड ने जमकर उत्पात मचाया, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

मोटरसाइकिलों को कुचलकर किया क्षतिग्रस्तः इस ताजी घटना में बालचौरा-अंबाखोरया मार्ग पर छत्तीसगढ़ से नगर उंटारी की ओर जा रहे मोटरसाइकिल सवारों पर जंगली हाथियों ने अचानक हमला कर दिया। हाथियों के झुंड को सड़क पर देखकर मोटरसाइकिल चालकों के हाथ-पांव फूल गए। जान बचाने के लिए वे मोटरसाइकिल सड़क पर ही छोड़कर जंगल की ओर भाग खड़े हुए। गुस्साए हाथियों ने तीनों मोटरसाइकिलों को पैरों से कुचलकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया।

हाथियों से दूरी बनाकर रखें- जिला वन पदाधिकारीः जिला वन पदाधिकारी अंशुमान कुमार ने कहा कि इन दिनों जंगली हाथियों का मूवमेंट जिले के कई प्रखंडों में अधिक हो रहा है। धुरकी वन क्षेत्र में हाथियों के झुंड द्वारा राहगीरों की मोटरसाइकिल को क्षतिग्रस्त किया गया है। जिस तरह की सूचना मिल रही है वह यह है कि झुंड में हाथियों के बच्चे हैं और उनकी सेफ्टी के लिए हाथी आक्रामक हो गए है। जिला वन पदाधिकारी ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि इस झुंड के आसपास ना रहें।

# नित्यानंद त्रयोदशी पर इस्कॉन में नगर कीर्तन का आयोजन

संवाददाता

**रांची :** नित्यानंद त्रयोदशी के पावन अवसर पर शनिवार सुबह रांची में इस्कॉन (इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस) द्वारा भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 6 बजे मोराबादी मैदान से हुई, जहां मैदान के चारों ओर श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत कीर्तन निकाला गया।

इस अवसर पर इस्कॉन ग्रुप रांची के अनुयायी अरुणदेव प्रभु ने बताया कि नगर कीर्तन का नेतृत्व रांची इस्कॉन के अध्यक्ष सह प्रभारी प्रमुख मधुसूदन मुकुंद दास ने किया। नित्यानंद त्रयोदशी भगवान नित्यानंद प्रभु के प्रकटोत्सव के रूप में मनाई जाती है, जिन्हें भगवान बलराम का अवतार माना जाता है। मान्यता है कि नित्यानंद प्रभु की कृपा के बिना गौरांग महाप्रभु की कृपा प्राप्त नहीं हो सकती।



कार्यक्रम के दौरान भक्तों ने जय जय श्री कृष्ण चैतन्य नित्यानंद, निताई गुणमणि, नित्यानंद अष्टक तथा हे भाई नित्यानंद की कृपा असीम है जैसे भजनों का सामूहिक रूप से कीर्तन किया। कीर्तन की मधुर धुनों और भक्तिमय वातावरण ने मोराबादी मैदान में सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए आए लोगों, सब्जी विक्रेताओं, दुकानदारों और राहगीरों को भी मंत्रमुग्ध कर दिया। नगर कीर्तन में रांची इस्कॉन मंदिर के बड़ी संख्या में भक्तों और अनुयायियों ने सशरीर भाग लेकर अपनी भक्ति और कीर्तन कला का प्रदर्शन किया। पूरा वातावरण ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो स्वयं भगवान श्रीकृष्ण भक्तों के भाव से प्रसन्न होकर धरती पर विराजमान हों।इस अवसर पर मधुसूदन मुकुंद दास प्रभु ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कलियुग में केवल हरिनाम ही एकमात्र साधना है, जिसके माध्यम से मनुष्य भवसागर से पार हो सकता है। उन्होंने कहा कि हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे के जाप से ही मोक्ष की प्राप्ति संभव है।

नगर कीर्तन के माध्यम से इस्कॉन के भक्तों ने गुरु परंपरा के अंतर्गत विश्व गुरु श्रील प्रभुपाद के संदेशों का प्रचार-प्रसार किया और लोगों को हरीनाम के महत्व से अवगत कराया। भक्ति, उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरा यह आयोजन रांचीवासियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया।

## हवाई पट्टी के पास बुजुर्ग महिला का शव बरामद होने से सनसनी

**चाकुलिया :** रविवार की सुबह चाकुलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत हवाई पट्टी के पास एक अज्ञात बुजुर्ग महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। बुजुर्ग महिला की मौत कैसे हुई है इस पर सस्पेंस है। किसी हाथी के हमले से बुजुर्ग महिला की मौत होने की आशंका जताई जा रही है। घटनास्थल पर महिला के शव के पास एक नीले रंग का बैग भी पड़ा हुआ मिला है, जिससे उसकी शिनाख्त करने की कोशिश की जा रही है।

### ऑटो चालकों से अवैध वसूली पर होगी कानूनी कार्रवाई

रांची : शहर में ऑटो चालकों से अवैध वसूली करने वाले संगठित गिरोह के खिलाफ अब कठोर कार्रवाई होगी। इनके खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज होगी। निगम ने ऑटो चालकों से ऐसे गिरोह और असामाजिक तत्वों के बारे में तत्काल सूचना देने को कहा है।

# चार दिवसीय प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन का हुआ समापन





संवाददाता

**चतरा :** 28 जनवरी से आयोजित विद्या विकास समिति, झारखंड के तत्वावधान में चार दिवसीय प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन का विधिवत एवं गरिमामय समापन शनिवार को चतरा शहर के दीभा स्थित इंदुमती टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय के विशाल सभागार में संपन्न हो गया। समापन कार्यक्रम का शुभारंभ अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्मा राव, क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्याली राम, प्रदेश मंत्री डॉ। ब्रजेश कुमार, प्रदेश सह मंत्री डॉ। पूजा, प्रांत प्रचारक गोपाल शर्मा, प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा तथा स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतन पांडेय द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इससे पूर्व संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पूर्णकालिक अधिकारियों ने संघ के संस्थापक एवं पूर्व संघचालकों के चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।कार्यक्रम में सर्वव्यवस्था प्रमुख सह पलामू विभाग के विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार, पूर्णकालिक अधिकारीगण, कार्यक्रम संयोजक सह विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के कोषाध्यक्ष मुकेश साह एवं सचिव संजय सिन्हा सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्याली राम ने अपने उद्बोधन में जिला केंद्र सशक्तिकरण विषय पर प्रकाश डालते हुए मानक परिषद अवलोकन, प्रभावी संस्कार केंद्र, आदर्श शिशु वाटिका तथा सशक्त जिला टोली की आवश्यकता एवं भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। सम्मेलन के प्रथम सत्र में अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्मा जी राव ने नवाचार विद्यालय, आदर्श शिशु वाटिका, हिंदू समाज में आपसी विभेद के कारण एवं सामाजिक समरसता जैसे गंभीर और विचारोत्तेजक विषयों पर सारगर्भित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।समापन सत्र में अतिथियों का परिचय स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार सिंह द्वारा कराया गया।इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों द्वारा विद्यालय की प्रथम इंग्लिश ई-पत्रिका द स्टूडेंट्स क्रॉनिकल का विमोचन किया गया। ई-पत्रिका में गत सत्र में संपादित शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों से संबंधित चित्र, आलेख एवं समाचार कतरनों का सुंदर संकलन प्रस्तुत किया गया है। सम्मेलन का वृत्त निवेदन प्रस्तुत करते हुए प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा ने बताया कि विद्या विकास समिति, वनांचल शिक्षा समिति एवं जनजातीय शिक्षा समिति से संबद्ध इस प्रांतीय सम्मेलन में कुल 201 प्रधानाचार्य, 2 अखिल भारतीय अधिकारी, 13 अन्य अधिकारी, 14 पूर्णकालिक प्रवासी तथा 77 कार्यालय प्रतिनिधियों की सहभागिता रही। यह प्रांत का 18वां प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन था। उन्होंने पंचकोषीय विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा,प्रधानाचार्य की भूमिका, पूर्व छात्र सहभागिता एवं सामाजिक जागरण जैसे विषयों पर भी प्रकाश डाला।कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य जयंत जी द्वारा प्रस्तुत एकल गीत ने वातावरण को भावनात्मक एवं प्रेरणादायी बना दिया। प्रांत प्रचारक गोपाल शर्मा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की जीवन यात्रा पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान सामाजिक परिवेश की चुनौतियों पर अपने विचार रखे तथा कहा कि विद्या भारती विश्व की सबसे बड़ी संगठित शैक्षणिक संस्था है।अंत में पलामू विभाग के विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार ने सभी अतिथियों, सहभागियों एवं आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। वंदे मातरम् के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## न्यूज IN ब्रीफ

### नाम-निर्देशन प्रक्रिया के तीसरे दिन विभिन्न वार्डों से नामांकन दाखिल



**चतरा :** नगर परिषद (आम) निर्वाचन 2026 के अंतर्गत नाम-निर्देशन की प्रक्रिया के तीसरे दिन शनिवार को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से नामांकन कार्य संपन्न कराया गया। इस क्रम में वार्ड संख्या 14 से रुकसाना प्रवीण एवं वार्ड संख्या 16 से उज्ज्वल कुमार द्वारा वार्ड सदस्य पद के लिए अपना-अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया।वहीं नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए अत्ताउर रहमान द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया। जिला प्रशासन द्वारा निर्वाचन आयोग के निदेशों के अनुरूप नामांकन प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। जिला प्रशासन ने बताया कि निर्धारित तिथियों के अनुसार नामांकन की प्रक्रिया आगे भी सुचारु रूप से जारी रहेगी।

### लाला प्रीतम बीएड कॉलेज पर छात्रों से ठगी का आरोप



**प्रवीण सिंह/मेट्रो रेज :** चतराः बीएड कॉलेजों में एडमिशन के नाम पर डोनेशन (अवैध वसूली) का मामला छात्रों के शोषण का गंभीर विषय है। छात्रों का शोषण और दोहन करने के मामले में राज्य के लगभग प्राइवेट बीएड कॉलेजों का समय समय पर नाम आता रहा है। ताजा मामला जिला मुख्यालय के प्राइवेट लाला प्रीतम बीएड कॉलेज से आया है। जहां अवैध वसूली के खिलाफ अभाविप के एसएफडी प्रांत संयोजक रोहित पांडे के नेतृत्व में छात्रों ने जमकर हंगामा और नारेबाजी की। छात्रों का आरोप है कि सत्र 25-27 के लिए कॉलेज में बीएड एडमिशन में 1 लाख 65 हजार रु की राशि निर्धारित है।उन्होंने ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम से कॉलेज में राशि जमा कर दी थी। जिसकी रसीद भी उनके पास मौजूद है। परंतु काफी समय बीत जाने के बाद भी एडमिशन लिस्ट का प्रकाशन नहीं किया गया। छात्रों ने बताया कि जब कॉलेज प्रबंधन से इस संबंध में बात की गई तो उनके द्वारा अवैध राशि के रूप में एक लाख रु अतिरिक्त मांगे गए। जब छात्रों ने पैसे देने में असमर्थता जताई तो अन्य छात्रों से अवैध वसूली कर लिस्ट का प्रकाशन कर दिया गया। छात्रों का आरोप है कि जब प्रबंधन से पैसे वापस मांगे जा रहे हैं तो उनके द्वारा बीएड की जगह डीएलएड में एडमिशन की बात कही जा रही है। इस प्रकरण पर अभाविप के एसएफडी प्रांत संयोजक रोहित पांडे का आरोप है कि जब इस मामले पर कॉलेज प्रबंधन से फोन पर बात की गई तो उन्होंने बर्बाद करने तक की धमकी दी। कहा कि फोन पर हुई बातचीत का पूरा ब्यौरा रिकॉर्डेड है। वहीं कॉलेज प्रबंधन की ओर से निदेशक लाला प्रसाद साहू ने अपना पक्ष रखते हुए पूरे मामले को बेबुनियाद बताया है। बहरहाल पूरे घटनाक्रम में एक बात तो स्पष्ट हो रही है कि प्राइवेट बीएड कॉलेजों में एडमिशन के नाम पर गरीब छात्रों का जमकर शोषण होता है। जिन छात्रों का सरकारी कॉलेजों में एडमिशन नहीं हो पाता है,वह प्राइवेट कॉलेजों का रुख करते हैं। और प्राइवेट कॉलेज इस बात का जमकर फायदा उठाते हैं। एक तरह से कहे तो यहां एडमिशन नहीं सीटें बेची जाती हैं।

### 8 एकड़ में लगी अफीम-पोस्ता की फसल को किया गया नष्ट

**रांची/पलामूः** पलामू जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस प्रशासन ने बड़ी और निर्णायक कार्रवाई की है। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर पांकी थाना क्षेत्र में पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध अफीम और पोस्ता की खेती के खिलाफ सघन अभियान चलाकर करीब 8 एकड़ में लगी फसल को पूरी तरह नष्ट कर दिया।

इन क्षेत्रों में हुई कार्रवाईः यह कार्रवाई पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम आबून और बनरचुआं के सुदूर एवं जंगली वन क्षेत्रों में की गई। बताया गया कि लंबे समय से इन इलाकों में अवैध रूप से अफीम और पोस्ता की खेती किए जाने की गुप्त सूचना पुलिस प्रशासन को मिल रही थी। सूचना के सत्यापन के बाद योजनाबद्ध तरीके से संयुक्त टीम का गठन किया गया और अभियान चलाया गया। अभियान में पांकी थाना पुलिस, ताल पिकेट के पदाधिकारी एवं जवानों के साथ-साथ वन विभाग के अधिकारी और कर्मी शामिल थे। टीम ने दुर्गम पहाड़ी और घने जंगलों में फैली अवैध फसलों की पहचान कर उन्हें मौके पर ही नष्ट कर दिया। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके।

पुलिस ने जारी किया बयानः पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अवैध अफीम और पोस्ता की खेती न केवल कानून के खिलाफ है, बल्कि समाज और युवाओं के भविष्य के लिए भी घातक है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि इस तरह की गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध खेती में संलिप्त लोगों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ वन अधिनियम एवं एनडीपीएस एक्ट के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### उमरा के लिए सउदी अरब रवाना

**मुरीः** उमरा जाने वाले चार लोग कल शाम मुरी से पठानकोट ट्रेन से दिल्ली के लिए रवाना हुए। ये लोग दिल्ली से फ्लाइट पकड़ कर साउदी अरब जायेगें जाएगे। इन्हें स्टेशन पर छोडने के लिए सैकड़ों की संख्या में सुलुमजुडी, कलुवा डीह, बडा मुरी, कुटाम के लोग आए। सभी ने कंधे और हाथ मिलाया। भावभीनी विदाई दी। इससे पहले सुलुमजुडी से शोभायात्रा के रूप में निकल कर स्टेशन पहुंचे थे। जाने वालो में मौलाना कारी तैयब रजा, मो अबदुल रज्जाक मोमिन, एक महिला और मो मुस्लिम शामिल थे।

झारखंड बनेगा ऊर्जा और उद्योग का हब

# जिंदल समूह करेगा 70 हजार करोड़ का निवेश, विकास को मिलेगी रफ्तार

संवाददाता

**रांची:** मुख्यमंत्री और राज्य के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की दावोस और यूनाइटेड किंगडम यात्रा के सकारात्मक नतीजे सामने आने लगे हैं। सीएम सचिवालय की ओर से बताया गया है कि जिंदल समूह ने झारखंड में स्टील, परमाणु ऊर्जा और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में 70,000 करोड़ से अधिक के निवेश का प्रस्ताव दिया है।

यूनाइटेड किंगडम में हुई बैठकों के दौरान जिंदल समूह के प्रतिनिधियों ने झारखंड सरकार को लेटर ऑफ इंटेंट सौंपा। इससे साफ है कि समूह राज्य में लंबे समय तक औद्योगिक और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में निवेश को लेकर गंभीर है। सरकार का कहना है कि यह निवेश झारखंड की स्थिर नीतियों, निवेश के अनुकूल माहौल और खनिज संसाधनों पर निवेशकों के बढ़ते भरोसे का संकेत है।



पतरातू में लगेगा बड़ा स्टील प्लांटः इस प्रस्ताव का सबसे अहम हिस्सा पतरातू में 6 मिलियन टन प्रति वर्ष क्षमता वाले एकीकृत स्टील संयंत्र की स्थापना है। जिंदल स्टील द्वारा आधुनिक और कम प्रदूषण वाली तकनीक से इस प्लांट को विकसित करने की योजना है। यहां बनने वाला स्टील इंफ्रास्ट्रक्चर, परिवहन, रक्षा और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे अहम क्षेत्रों में इस्तेमाल होगा, जिससे देश की मैन्युफैक्चरिंग क्षमता को मजबूती मिलेगी।

परमाणु और सौर ऊर्जा से बढ़ेगी ऊर्जा सुरक्षाः स्टील के साथ-साथ जिंदल समूह ने झारखंड में 1,400 मेगावाट क्षमता की परमाणु ऊर्जा परियोजना में निवेश का प्रस्ताव भी दिया है। यह परियोजना केंद्र सरकार की शांति नीति के तहत स्वच्छ और सुरक्षित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में अहम मानी जा रही है। हालांकि यह परियोजना सभी जरूरी कानूनी और सुरक्षा मंजूरियों के बाद ही आगे बढ़ेगी। इसके अलावा 140 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना का भी प्रस्ताव है, जिससे राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा को और बल मिलेगा और उद्योगों को स्थायी बिजली आपूर्ति मिल सकेगी।

60 हजार से ज्यादा रोजगार के मौकेः यह निवेश सिर्फ बड़े आंकड़ों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका सीधा फायदा झारखंड के युवाओं को मिलेगा। अनुमान है कि इन परियोजनाओं से करीब 11 हजार लोगों को सीधे और 50 हजार से अधिक लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। ट्रांसपोर्ट, लॉजिस्टिक्स, एमएसएमई, सर्विस सेक्टर और स्थानीय कारोबार को भी इससे बड़ा फायदा होगा।

संत दोमनिक इंटर कॉलेज लचरागढ़ में विदाई समारोह का आयोजन

# 12वीं के छात्रों को दी गयी विदाई

मेट्रो रेज संवाददाता

**लचरागढ़:** संत दोमनिक इंटर कॉलेज, लचरागढ़ में कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य फादर क्लेमेंट लकड़ा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्राचार्य फादर क्लेमेंट लकड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को हमेशा आदर्श, निडरता और संघर्ष के मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान आधुनिकीकरण के दौर में शिक्षा के बिना जीवन का कोई महत्व नहीं है। विद्यार्थियों को समय के अनुसार स्वयं को तैयार करते हुए कंप्यूटर, अंग्रेजी जैसे विषयों में विशेष दक्षता हासिल करनी चाहिए, ताकि वे शिक्षा के स्तर को और ऊँचाई तक ले जा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि जो विद्यार्थी पढ़ाई-लिखाई से दूर हो जाते हैं, वे अपने भविष्य को सही दिशा नहीं दे पाते। सफलता पाना उतना कठिन नहीं है,



जितना लोग सोचते हैं—धैर्य, मेहनत और लगन से किसी भी मंज़िल को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अपेक्षा जताई कि वे इंटर की परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण कर अपने जीवन को सफल और सार्थक बनाएंगे।

अंत में उन्होंने कहा कि यह महाविद्यालय आप सभी का अभिन्न अंग है। जब भी आवश्यकता हो या आने का मन करे, महाविद्यालय के द्वार आपके लिए सदैव खुले रहेंगे। इसी शुभ संदेश के साथ विद्यार्थियों को आगे की शिक्षा हेतु विदाई दी गई।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप-प्राचार्य फा० अल्बिनुस केरकेट्टा सहित शिक्षण कर्मी शांति केरकेट्टा, मेरी मनोरमा सोरेंग, प्रीतिवंती वनती सुरीन, संजय पुरान, पास्कल तोपनो, कांति टेटे, जोसफीना डुंगडुंग, अमित पॉल केरकेट्टा, राजेश कुल्लू, कामिल बाड़ा, पंकज लुगुन, रश्मि एक्का, सुबोध डुंगडुंग, सुष्मिता बिलुंग, प्रीति एवं जुनाली सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

नगर निकाय चुनाव

# वोटर सही उम्मीदवारों का करें चयनः सगीर अंसारी

संवाददाता



**रांचीः** झारखंड में नगर निकायों के चुनाव को लेकर गहमागहमी का माहौल है। एक तरफ जहां प्रत्याशी जनता के बीच पहुंच कर तरह तरह के वादे एवं दावे कर रहे हैं, वहीं प्रशासन भी तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगा हुआ है। निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष सह ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि चुनाव में ऐसे प्रत्याशियों को चुनें जिसकी छवि साफ सुधरी हो और जनता के बीच पहुंच रखते हों। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव एक ऐसा चुनाव है जिस से लोग स्थानीय प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं। ये चुनाव कई मायने में खास है क्योंकि जो लोग अपनी समस्याओं को मंत्रियों व विधायकों के सामने नहीं रख सकते हैं वह अपनी समस्याओं को अपने पार्षद के सामने रखते हैं। ऐसे में सही उम्मीदवार का चुनाव काफी अहम हो जाता है। कई बार ऐसा देखा गया है कि गलत उम्मीदवार का चुनाव हो जाने से उनसे मिलना विधायकों एवं मंत्रियों से भी अधिक मुश्किल हो जाता है। इस लिए ऐसे प्रत्याशियों का चुनाव करें जिनकी जनता तक आसानी के साथ पहुंच हो। किसी के बहकावे एवं लालच में न आते हुए अपने विवेक से उपयुक्त उम्मीदवार का चुनाव करें। झारखंड में नगर निकाय चुनाव न केवल स्थानीय शासन के लिए, बल्कि राज्य के समग्र विकास और लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। मालूम हो कि राज्य के कुल 48 नगर निकायों (9 नगर निगम, 20 नगर परिषद और 19 नगर पंचायत) में मतदान होना है।

ट्रैफिक पुलिस का बुलडोजर एक्शन

# 250 मोडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न चकनाचूर

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची में ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से ट्रैफिक पुलिस ने शनिवार को एक सख्त और प्रतीकात्मक कार्रवाई की। न्यू पुलिस केंद्र, रांची परिसर में आयोजित इस कार्रवाई के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने 250 मोडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न को बुलडोजर से नष्ट कर दिया। यह सभी उपकरण ट्रैफिक चेकिंग के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों से जब्त किए गए थे। इस कदम के जरिए ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों को कड़ा संदेश दिया गया है।

विशेष अभियान के तहत कार्रवाईः ट्रैफिक पुलिस लंबे समय से मोडिफाइड साइलेंसर और तेज आवाज वाले प्रेशर हॉर्न के खिलाफ विशेष अभियान चला रही थी। इसी अभियान के तहत जब्त किए गए उपकरणों को सार्वजनिक रूप से नष्ट किया



गया, ताकि वाहन चालकों में नियमों के पालन को लेकर जागरूकता बढ़े और सख्त संदेश जाए।

**स्वास्थ्य पर पड़ता है बुरा असरः ट्रैफिक एसपी**

मौके पर मौजूद ट्रैफिक एसपी राकेश कुमार ने कहा कि तेज ध्वनि वाले हॉर्न और साइलेंसर से ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है, जिसका सबसे अधिक असर बीमार व्यक्तियों, बुजुर्गों, छोटे बच्चों और अस्पतालों में इलाजरत मरीजों पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि ध्वनि प्रदूषण स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है और इसे किसी भी कीमत पर बढ़ने नहीं दिया जाएगा।

नियम मानें वरना होगी सख्त कार्रवाईः ट्रैफिक एसपी ने वाहन चालकों से अपील की कि वे अपने वाहनों में केवल मानक साइलेंसर और हॉर्न का ही उपयोग करें। नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान के साथ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीण एसपी ने की कार्रवाई की सराहनाः ग्रामीण एसपी प्रवीन पुष्कर ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ट्रैफिक पुलिस की यह कार्रवाई सराहनीय है। उन्होंने कहा कि फ्री लाइट, प्रेशर हॉर्न और मोडिफाइड साइलेंसर जैसे उपकरण न केवल नियमों का उल्लंघन हैं, बल्कि आम नागरिकों के लिए परेशानी का कारण भी बनते हैं। इस कार्रवाई से समाज में एक सकारात्मक संदेश गया है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि राजधानी में सुरक्षित, अनुशासित और प्रदूषण-मुक्त यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

# जेएलकेएम की बैठक : संगठन विस्तार व मजबूती पर चर्चा



मेट्रो रेज संवाददाता

**रांचीः** राज्य में नगर निकाय चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। सभी राजनीतिक दल अपने प्रत्याशियों को चुनावी अखाड़ा में उतारने की तैयारी में है। 'झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा' के रांची इकाई ने आज बैठक की। यह बैठक सेवानिवृत्ति प्रोफेसर केसी मेहता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें संगठन विस्तार एवं मजबूती को लेकर चर्चा की गई। बैठक में केंद्रीय आलाकमान की गाइडलाइन पर जिला कमेटी के पुनर्गठन और संगठनात्मक ढांचे को और प्रभावी बनाने पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक के दौरान सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव रखा गया कि पूर्वी जिला अध्यक्ष का पद पंचपरगना क्षेत्र की धरती से जुड़े किसी समर्पित एवं जमीनी कार्यकर्ता को दिया जाना चाहिए। ताकि संगठन को स्थानीय जमिनी स्तर पर और अधिक मजबूती मिल सके। जिसकी टेलिफोनिक सूचनार्थ केंद्रीय अध्यक्ष जयराम कुमार महतो को भी दिया गया। टेलिफोनिक वार्ता में सेवानिवृत शिक्षक राजीव कुमार मेहता ने कहा कि पंचपरगना क्षेत्र संगठन की रीढ़ रहा है और यहां से नेतृत्व मिलने पर पार्टी के जनाधार को और विस्तार मिलेगा।

बैठक के दौरान प्रवक्ता सत्यनाराय सिंह ने कहा कि हमारे पंचपरगना के धरती का गौरवशाली इतिहास रहा है। राहे, सिल्ली, सोनाहतु, बुंडू, तमाड़, ईचागढ़, अनगड़ा, अड़की आदि बहुत बड़ा भौगोलिक क्षेत्र पंच परगना में आता है। इतने बड़े क्षेत्र के जमीनी समस्याओं सुनवाई एवं निष्पादन के लिए पंच परगना के धरती से जिला अध्यक्ष का होना आवश्यक है। साथ ही आने वाले दिनों में प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर भी कमेटियों के विस्तार की रणनीति तैयार की गई।

बुंडू कॉलेज रोड, शिक्षक भवन में सामूहिक बैठक के दौरान श्रीकांत महतो, कालेश्वर कोयरी, राजेंद्र सिंह मुंडा, आनंद राम महतो, जयराम महतो, गणेश महतो, अनिल सिंह गोंझू व बुद्धिजीवी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# योगदा सत्संग इंटर कॉलेज भवन का भूमि पूजन

**रांचीः** योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया की ओर से जगन्नाथपुर, रांची में प्रस्तावित योगदा सत्संग शैक्षणिक संस्थान (इंटर कॉलेज) भवन का भूमि पूजन किया गया। ध्यान, भजन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में योगदा सत्संग सोसाइटी के वरिष्ठ संन्यासी स्वामी पवित्रानंद जी ने उपस्थित श्रद्धालुओं, शिक्षाविदों और अतिथियों को संबोधित किया। उन्होंने प्रस्तावित शैक्षणिक संस्थान के उद्देश्य, सामाजिक भूमिका और आने वाली पीढ़ी के सर्वांगीण विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि स्वामी परमहंस योगानंद और योगदा सत्संग सोसाइटी के विचारों के तहत व्यक्ति के आध्यात्मिक विकास और शैक्षणिक विकास का संतुलन आवश्यक है। इसलिए बच्चों के शैक्षणिक विकास के लिए शिक्षा संस्थान की भी आवश्यकता के महत्व को समझा गया। 20 एकड़ में फैला होगा कॉलेज कैंपसः उन्होंने कहा कि इसी पृष्ठभूमि में योगदा सत्संग शैक्षणिक परिसर के तहत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विकास के लिए एक नये भवन के निर्माण के बारे में विचार किया गया, जिसका आज भूमि पूजन किया गया।

# लोहरदगा में 10 फरवरी से बलदेव साहू मेमोरियल टी-20 टूर्नामेंट का भव्य आगाज



गुलाम शाहिद

**रांचीः** क्रिकेट प्रेमियों के लिए लोहरदगा में एक बड़े खेल महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। आगामी 10 फरवरी से बलदेव साहू मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का उद्घाटन अछरा सिंह करेंगी, जबकि भारतीय क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ी हरभजन सिंह और वीरेंद्र सहवाग की गरिमामयी उपस्थिति आयोजन को और भी खास बनाएगी।

आयोजकों के अनुसार, यह टूर्नामेंट न केवल स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करेगा, बल्कि राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट सितारों की मौजूदगी से युवाओं में खेल के प्रति उत्साह और प्रेरणा का संचार करेगा। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों और राज्यों की चुनिंदा टीमें भाग लेंगी, जिससे रोमांचक मुकाबलों की उम्मीद की जा रही है। टूर्नामेंट के आयोजन स्थल पर दर्शकों के लिए समुचित बैठने, सुरक्षा और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। आयोजकों ने खेल प्रेमियों से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

बलदेव साहू मेमोरियल टी-20 टूर्नामेंट को लोहरदगा के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय माना जा रहा है, जो क्षेत्र में क्रिकेट संस्कृति को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का कार्य करेगा।

## बजट स्वागत योग्यः ओम वर्मा



रांचीः केंद्र सरकार द्वारा आज जो बजट पेश किया गया है उसमे देश के सभी लोगों का ख्याल रखा गया है साथ ही विकास पर भी जोर दिया गया है। यह बजट युवा ,गरीब,महिला किसान की आकांक्षाओं वाला बजट है ।यह बजट बहुमुखी विकास वाला बजट है ।सबका साथ सबका विकास वाला बजट है। यह विकसित भारत बनाने वाला बजट है। इस बजट में गांव, गरीब, किसान, महिला युवा सभी वर्गो उत्थान करने वाला बजट है ।इस बजट में छात्रों एवं युवा वर्ग को काफी कुछ ध्यान में रख कर तैयार किया गया है ।इस बजट से लोगों के जीवन में सुधार होगा। बजट युवाओं की ताकत एवं रोजगार को बढ़ाने वाला बजट है।

# एसआईआर को लेकर जागरूकता व प्रशिक्षण अभियान का पहला चरण सफलतापूर्वक संपन्न

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची :** इमारत-ए-शरीया बिहार, ओडिशा व झारखंड की ओर से झारखंड राज्य में एसआईआर को लेकर जागरूकता एवं प्रशिक्षण अभियान का पहला चरण अल्हम्दुलिल्लाह सफलतापूर्वक पूर्ण हो गया। इस अभियान के तहत राज्य के सभी 24 जिलों के 56 विभिन्न स्थानों पर लगातार एक माह तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें आम जनता, सामाजिक कार्यकर्ता, धार्मिक जिम्मेदार, तथा विभिन्न वर्गों के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और प्रशिक्षण प्राप्त किया।

अमीर-ए-शरीअत हजरत मौलाना अहमद वली फैसल रहमानी साहब (दामत बरकातुहुम) ने इस दीर्घ अभियान की सफलता पर अपने संदेश में कहा कि एसआईआर से संबंधित




सही जानकारी एवं जागरूकता समय की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इमारत-ए-शरीया ने अपनी धार्मिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी को महसूस करते हुए यह अभियान शुरू किया ताकि जनता में फैली गलतफहमियों का समाधान हो, कानूनी व सामाजिक पहलुओं को बेहतर ढंग से समझा जा सके और लोग आत्मविश्वास के साथ सही मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है बल्कि समाज में जागरूकता, विश्वास और आपसी सहयोग को बढ़ाने का एक गंभीर प्रयास है। विभिन्न संगठनों की ओर से उपस्थित लोगों में प्रमुख रूप से,मुफ्ती मुहम्मद सलमान कासमी (खतीब, मस्जिद तैयब इलाही बख़्श कॉलोनी, रांची),

मौलाना कारी अंसारुल्लाह कासमी (इमाम व खतीब, मदीना मस्जिद, हिंदपीढ़ी, रांची), मुफ्ती कमर आलम कासमी (उस्ताद, मदरसा हुसैनिया कडरू; खतीब, हवारी मस्जिद, रांची), मौलाना शफीक आलियावी (जमीयत अहले हदीस, रांची), मौलाना तहजीबुल हसन रजवी (शिया जमाअत),

हाजी फि रोज (जमीयतुर राअईन, रांची), मुहम्मद इस्लाम इदरीसिया चौरासी, सैफुल हक (जमीयतुल इराकि यीन, रांची), मुहम्मद रिजवान (जमीयतुल मोमिनीन, रांची), हाजी फि रोज जिलानी, ? और जनाब आदिल रशीद व अन्य शामिल रहे।

नगर निगम चुनाव

# वार्ड 15 से मुस्कान परवीन की उम्मीदवारी से जनता में उत्साह



मेट्रो रेज संवाददाता

रांचीः नगर निगम चुनाव के तहत वार्ड 15 से मुस्कान परवीन एक युवा एवं शिक्षित उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान में उतरी हैं। उनकी उम्मीदवारी को लेकर क्षेत्र की जनता में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मुस्कान परवीन की शिक्षा, युवावस्था और जनसमस्याओं के प्रति गंभीर सोच उन्हें अन्य उम्मीदवारों से अलग बनाती है। वे वार्ड की बुनियादी समस्याओं—जैसे स्वच्छता, सड़क, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य—पर विशेष ध्यान देने की बात कर रही हैं। मुस्कान परवीन ने कहा कि यदि जनता का आशीर्वाद मिला तो वे वार्ड 15 को विकास और पारदर्शिता का मॉडल बनाने का प्रयास करेंगी। युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों के बीच उनकी सक्रियता से यह संकेत मिल रहा है कि वार्ड 15 का चुनाव इस बार रोचक होने वाला है।



## बिना डिग्री के इन फील्ड में बना सकते हैं अपना करियर

**कई बार पैसों की तंगी के कारण कई लोग अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते हैं। ऐसे में आप बिना किसी डिग्री या कोर्स के इन नौकरियों को कर सकते हैं। इन फील्ड में नौकरी कर आप हर महीने अच्छी कमाई कर सकते हैं।**

हर इंसान की यही चाहत होती है कि कॉलेज खत्म होने के बाद उनको एक अच्छी सी जॉब मिल जाए। ताकि वह अपने सपनों को पूरा कर सकें। लेकिन कई बार ऐसा नहीं हो पाता है। वहीं कुछ परिस्थितियों के कारण हम आगे की पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। जिसके कारण अच्छी नौकरी मिलने में दिक्कत होती है। अगर आप भी ऐसी ही किसी समस्या से परेशान हैं तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज हम आपको कुछ ऐसी नौकरियों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिन्हें आप बिना किसी डिग्री के भी पा सकते हैं।

### मेकअप आर्टिस्ट

आज के दौर में हर कोई अच्छा दिखना चाहता है। ऐसे में लोग मेकअप का सहारा लेते हैं। वहीं मेकअप आर्टिस्ट की डिमांड भी तेजी से बढ़ रही है। बता दें कि मेकअप आर्टिस्ट बनने के लिए किसी तरह की डिग्री की जरूरत नहीं होती है। हालांकि आप कुछ ऑनलाइन कोर्सेज जरूर कर सकती हैं। इन ऑनलाइन कोर्स की मदद से आप मेकअप की हर बारीकी को अच्छे से समझ सकती हैं। मेकअप के बारे में अच्छी जानकारी होने के बाद आप बतौर मेकअप आर्टिस्ट अपना करियर शुरू कर सकती हैं। इसके अलावा चाहे तो खुद का सैलून भी खोल सकती हैं। इसमें आपको कमाई के अच्छे अवसर मिलेंगे।

### स्टाइलिस्ट

अगर आपको भी डिजाइन में रुचि है तो आप स्टाइलिस्ट को बतौर करियर शुरू कर सकती हैं। बता दें कि यह फील्ड ऐसा है, जहां आपको डिग्री से ज्यादा काम करना आना चाहिए। इस तरह आप वॉरड्रोब स्टाइलिस्ट और फैशन स्टाइलिस्ट बन अपने करियर को नई उड़ान दे सकती हैं। भले ही यह प्रोफेशन थोड़ा अलग है, लेकिन इस फील्ड में आपको शानदार सैलरी दी जाती है।

### सेलिब्रिटी मैनेजर

हर एक सेलेब्स अपने काम को मैनेज करने के लिए मैनेजर रखते हैं। क्योंकि अक्सर सेलेब्स को एक साथ कई प्रोजेक्ट्स पर काम करना होता है। इस नौकरी के लिए किसी डिग्री की जरूरत नहीं होती है। इस तरह बिना डिग्री के आप आसानी से सेलिब्रिटी मैनेजर बन सकती हैं। इस फील्ड में सैलरी सुन आप दंग हो जाएंगी।

### वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी

अगर आपको भी फोटोग्राफी का शौक है तो वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी को बतौर करियर चुन सकते हैं। इसके लिए किसी डिग्री या कोर्स की आवश्यकता नहीं होती है। बेहतरीन फोटोग्राफी कर आप सोशल मीडिया पर इस फोटोज को सेल कर सकती हैं।

### प्रोफेशनल ब्लॉगर

आपने भी कई ब्लॉगर को देखा होगा। जो अलग-अलग विषयों के बारे में जानकारी देते हैं और लोग उनके काम को खूब पसंद भी करते हैं। बता दें कि ब्लॉगिंग आपके लिए एक बेहतरीन ऑप्शन साबित हो सकता है। इस फील्ड में आप बिना किसी डिग्री व कोर्स के लाखों रुपए कमा सकते हैं।



**लॉ से ग्रेजुएशन करने के बाद छात्रों के पास कई सारे करियर विकल्प होते हैं। उनमें से सबसे अच्छे ऑप्शंस के बारे में हमनें इस आर्टिकल में बताया है।**

# लॉ से ग्रेजुएशन करने के बाद छात्रों के पास हैं कई करियर विकल्प

लॉ के छात्रों के पास वैसे तो कई सारे करियर ऑप्शन हैं, पर अपने इंटरेस्ट के अनुसार एक ऑप्शन चूज करना बहुत महत्वपूर्ण होता है। परंपरागत रूप से कानून के छात्रों से ग्रेजुएशन स्तर की पढ़ाई पूरी करने के बाद मुकदमेबाजी की प्रैक्टिस करने की अपेक्षा की जाती थी। हालाँकि, समय के साथ लॉ में करियर के अवसर बढ़े हैं, जिसने युवाओं को भारत में लॉ को करियर विकल्प के रूप में चुनने के लिए प्रेरित किया है। आइए जानते हैं इनके बारे में।

### जज

वकील के अलावा छात्रों के पास जज बनने का भी एक बेहतरीन अवसर होता है। जज बनने के लिए आपको उस राज्य में होने वाली जुडिशरी की परीक्षा को पास करना होता है। यह एक बहुत ही प्रतिष्ठित करियर विकल्प है। न्यायाधीश के रूप में आपके ऊपर क़ानूनी व्यवस्था को सँभालने और उसे लागू करने, महत्वपूर्ण कानूनी निर्णय लेने की जिम्मेदारी होती है।

### कॉर्पोरेट वकील

अगर आपको बड़े कॉरपोरेट हाउस में काम करने का मन है, तो आप कॉरपोरेट लॉयर बनकर अपना सपना पूरा कर सकते हैं। कॉर्पोरेट वकील व्यवसायों को उनके कानूनी अधिकारों, दायित्वों और लेनदेन पर सलाह देते हैं। वे सीधे निगमों के लिए या कॉर्पोरेट कानून में विशेषज्ञता वाली कानून फर्मों के लिए काम कर सकते हैं। आपके अनुभव के अनुसार इसमें आपको सैलरी भी काफी अच्छी मिलती है।



### लिटिगेशन/ट्रायल वकील

अगर आप कोर्ट में जाकर अपनी वकालत प्रेक्टिस करना चाहते हैं तो आप ट्रायल वकील बन सकते हैं। ट्रायल वकील सिविल और क्रिमिनल मुकदमों में क्लाइंट का प्रतिनिधित्व करते हैं और अदालत में उनकी ओर से वकालत करते हैं। हाई-प्रोफाइल मामलों को संभालने से आपको पैसे और शोहरत दोनों मिलती हैं। कोर्ट में प्रैक्टिस शुरू करने से पहले आपको अपनी रूरुक्ष खत्म करने के बाद ऑल इंडिया बार काउंसिल की परीक्षा पास करनी होती है और फिर उसके बाद अपने संबंधित राज्य में उसके बार काउंसिल में रजिस्ट्रेशन कराना होता है।

### सरकारी वकील

सरकारी वकील सरकार की तरफ से केस लड़ते हैं। वे स्थानीय, राज्य या संघीय स्तर पर विभिन्न सरकारी एजेंसियों के लिए काम करते हैं। वे कानूनी मामलों पर सलाह देते हैं और मुकदमेबाजी में सरकार का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेजोल्यूशन

अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेजोल्यूशन एक तरीका है जिसमें विवादों को सुलझाने के लिए कोर्ट के बाहर के विकल्पों का उपयोग किया जाता है। इसमें कोर्ट की लंबी प्रक्रिया और लागत से बचा जा सकता है। इसके तहत कई प्रकार के तरीके शामिल होते हैं, जैसे मीडिएशन और आरबिट्रेशन। इसका उद्देश्य विवाद को जल्दी से सुलझाना होता है। इसमें आप एक मिडिएटर के रूप में काम कर सकते है।

### कंटेंट राइटर

अनुभव और एक मजबूत पोर्टफोलियो वाले कानून के छात्रों के लिए लीगल कंटेंट राइटिंग एक प्रोमिसिंग और डायनामिक करियर ऑप्शन है। इसमें आपको काफी हाई पेइंग जॉब्स मिल जाते हैं जो आपके एक्सपीरियंस के अनुसार बढ़ती रहती है। आप सब्जेक्ट मैटर एक्सपर्ट बन सकते हैं। इसके साथ-साथ आप लीगल कंसलटिंग और जर्नलिज्म में भी काम कर सकते हैं।

### लीगल एडवाइजर

लीगल एडवाइजर के रूप में आप व्यवसायों और संगठनों को कानूनी मामलों पर एक्सपर्ट एडवाइस प्रदान करते हैं। आप इंडिपेंडेंट या कंसल्टेंसी फर्म के जरिए काम कर सकते हैं। लीगल एडवाइजर्स की आज के टाइम में बहुत ज्यादा डिमांड है। सभी बिजनेस को विभिन्न कानूनी मुद्दों पर विशेष ज्ञान और मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है।

### लॉ प्रोफेसर

लॉ प्रोफेसर लॉ स्कूलों में पढ़ाते हैं और लीगल रिसर्च करते हैं। टीचिंग हमेशा से एक नोबल प्रोफेशन रहा है और आप एक लॉ टीचर बन के छात्रों के साथ हमेशा जुड़े रह सकते हैं और उन्हें सही मार्गदर्शन दे सकते हैं। सरकारी कॉलेज में टीचर की सैलरी पैकेज भी बहुत अच्छे होते हैं।



### जज एडवोकेट जनरल अधिकारी

यदि आपका सपना इंडियन आर्म्ड फोर्सज ज्वाइन करने का है तो आप लॉ की पढ़ाई के बाद भी इसे ज्वाइन कर सकते हैं। आप जज एडवोकेट जनरल बनकर सेना में शामिल हो सकते हैं। भारतीय सेना का JAG अधिकारी मेजर होता है जो सेना के कानूनी और न्यायिक प्रमुख के रूप में कार्य करता है। एक JAG अधिकारी सैन्य कानून या नीतियों की व्याख्या और उन्हें लागू करने में कोर्ट-मार्शल के पीठासीन अधिकारियों की मदद करता है।




## इंजीनियरिंग के किस सेक्टर मे है सबसे ज्यादा सैलरी

**अगर आप भी करना चाहते हैं इंजीनियरिंग तो यह खबर आपके लिए है। बीटेक कंप्यूटर साइंस या आर्टिफिशयस इंटेलिजेंस किस कोर्स को करना बेहतर होगा। किस इंजीनियरिंग सेक्टर मे सबसे ज्यादा सैलरी है आइए जानते हैं।**

12वीं पास छात्र इंजीनियरिंग में करियर बनाने का सपना देख रहे हैं। लेकिन समझ नहीं आ रहा किस ब्रांच का चुनाव करना सही है। चिंता छोड़िए और हम आपको बताएंगे कि बीटेक कंप्यूटर साइंस या आर्टिफिशयस इंटेलिजेंस किस कोर्स को करना बेहतर होगा। बीटेक कंप्यूटर साइंस के साथ अब बीटेक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोर्स भी मार्केट में काफी डिमांड में है। किस इंजीनियरिंग सेक्टर मे सबसे ज्यादा सैलरी है आइए जानते हैं।

### बीटेक कंप्यूटर साइस

अगर आप इंजीनियरिंग में करियर बनाना चाहते हैं तो आप कंप्यूटर एप्लीकेशन, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और डेटा बेस एनालिसिस के लिए बीटेक कंप्यूटर साइस कोर्स कर सकते हैं।

### बीटेक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

जब से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आया तब से इसकी काफी डिमांड हो गई है। आर्टिफिशयस इंटेलिजेंस के जरिए लोग फोटो, लिखना और वॉइस आवाज निकाल रहे हैं। इसकी मांग काफी बढ़ रही है। कई टॉप इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स जैसे कोर्स शुरु किए गए हैं।

### किस कोर्स में सबसे ज्यादा कमाई

आज के समय को देखा जाए तो बीटेक कंप्यूटर साइंस डिग्री वालों को हाई सैलरी पर नौकरी मिलती है। वहीं, आने वाले समय में बीटके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की डिमांड बढ़ने वाली है। आर्टिफिशयस इंटेलिजेंस की जानकारी रखने वाले को लाखों का पैकेज मिल सकता है।

### कौन कोर्स बेस्ट?

12वीं के बाद छात्रों को टॉप इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटके कंप्यूटर साइंस या आर्टिफिशयस इंटेलिजेंस का कोर्स कर सकते हैं। जानकारी के लिए बता दें कि आर्टिफिशयस इंटेलिजेंस के कई शॉर्ट टर्म कोर्स भी शुरु किए हैं। जिसे आप कर सकते हैं और आपको नौकरी मिल जाएगी।





## ...अगर आप भागदौड़ वाली नौकरी नहीं करना चाहते

**दुनिया में हर प्रकार का प्राणी हैं। कई लोग मेहनती होते हैं तो कुछ महा-आसली होते हैं। वहीं, कई तो लोग नौकरी के लिए ऑफिस का हर काम करने के लिए तैयार रहते हैं तो कुछ ऑफिस जाने के नाम से ही जी चुराने लगते हैं। अगर आप भी भागदौड़ वाली नौकरी नहीं करना चाहते तो आप घर बैठे इन नौकरियों से कमा सकते हैं लाखों रुपये।**

कोरोना काल के बाद से वर्क फ्रॉम होम का कल्चर काफी चल गया है। तब से वर्क कल्चर काफी बदल गया। आज भी कुछ जगह हाइब्रिड मोड में काम चल रहा है। आज भी कंपनियों ने एंप्लॉइज को परमानेंट घर से काम करने की सुविधा दे रखी है। हालांकि, कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो फिर से ऑफिस में जाकर काम नहीं करना चाहते हैं। इन लोगों को आप चाहे आलसी कहो या फिर घर से काम करने की आदत हो गई है। आइए आपको बताते हैं कुछ ऐसी नौकरियां जिन्हें आप कर सकते हैं। जहां आपको ऑफिस जाने की जरुरत नहीं है।

### शॉपिंग कंसल्टेंट

आमतौर पर शॉपिंग कंसल्टेंट काफी डिमांड में हैं। बता दें कि, इन्हें आप पर्सनल शॉपर भी कहा जाता है। अगर आपको शॉपिंग का शौक है और स्टाइलिंग तो यह जॉब आपके लिए ही है। नामी इंफ्लुएंसर्स, एक्टर्स, एक्ट्रेसेस और बिजनेसमेन मार्केट में पहचाने जाने की वजह से और बिजी लाइफस्टाइल की वजह से खुद शॉपिंग करने नहीं जाते हैं। वह शॉपिंग कंसल्टेंट या पर्सनल शॉपर हायर कर लेते हैं। आप भी कर सकते हैं यह मजेदार जॉब।

### बुक रिव्यू जॉब

अगर आप बुक पढ़ने के शौकीन हैं तो आप अपने शौक को अच्छी कमाई में बदल सकते हैं। इस कार्य को आप प्रोफेशनली भी कर सकते हैं। सबसे अच्छी बात है कि आप जहां से चाहें, वहां से बुक्स रिव्यू कर सकते हैं। इसके लिए आपको ऑफिस जाने की जरुरत नहीं है। आप खुद भी लेखकों से टाई अप कर सकते हैं या किसी पब्लिशिंग हाउस से बात कर सकते हैं। आप बुक रिव्यू के ब्लॉग्स भी बना सकते हैं।

### फूड क्रिटिक

आप खाना-पीने के शौकीन हैं तो यह जॉब आपके लिए है। शुरुआत में आपको अपना नाम बनाने के लिए थोड़ी मेहनत करनी होगी, फिर आपको रेस्त्रां और कैफे वाले खुद ही इनविटेशन भेजने लगेंगे। फूड क्रिटका काम होता है, खाने-पीने की चीजों का रिव्यू देना। इस कार्य में ईमानदारी होनी चाहिए तभी लोग आपको आपके काम से पहचानेंगे। इस नौकरी में कोई वर्किंग आवर्स निश्चत नहीं होते हैं। आप अपनी मर्जी और शेड्यूल के हिसाब से यह काम कर सकते हैं।

### मैट्रेस टेस्टर जॉब

सोना तो सभी को पसंद है, अगर आप भी कुंभकरण की तरह सोते हैं, तो यह जॉब आपके लिए है। आपको सोने के पैसे भी मिलेंगे। दरअसल, गद्दे, तकिए बनाने वाली कई कंपनियां मैट्रेस टेस्टर हायर करने लगी हैं। इनका काम होता है गद्दे पर सोकर इसकी क्वालिटी टेस्ट करना और आपको बढ़िया सैलरी भी मिलेगी। वहीं स्लीपिंग पैटर्न पर रिसर्च करने वाले एक्सपर्ट भी लोगों को सोने के बदले लाखों रुपये देते हैं।

### वाइन टेस्टिंग जॉब

अगर आप वाइन पीते हैं तो यह नौकरी आपके लिए है। इसे टेस्ट करने से आप अपना घर चला सकते है। विदेशों की तरह अब भारत में भी टेस्टिंग जॉब्स खूब है। बता दें कि वाइन बनाने वाली कंपानियां और बार आदि में वाइन टेस्टर बुलाए जाते हैं। इन्हें नई वाइन पर अपना फीडबैक देना होता है। फेशर के तौर पर आप 10-20 हजार रुपये कमा सकते हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## कीटनाशक दवाई खाने से युवक की हालत बिगड़ी, सदर अस्पताल में भर्ती

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महादेवगंज निवासी रंजीत कुमार यादव ने खेत में डालने वाला कीटनाशक दवाई खा लिया।रंजीत की हालत बिगड़ने पर स्वजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार शुरू किया। रंजीत ने स्वजनों ने बताया कि घर में छोटा-मोटा विवाद चल रहा था इसी दौरान रंजीत गुस्से में आकर खेत में डालने वाला कीटनाशक दवा खा लिया जिससे उसे उल्टी आने लगी और वह मूर्छित अवस्था में जाने लगा। इसके बाद बिना वक्त दवाई इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया डाक्टर ने बताया कि उपचार कर दिया गया है फिलहाल खतरे से बाहर है।

## अदालत के माध्यम से त्वरित न्याय प्रदान करने की प्रक्रिया की सराहना की




**साहिबगंज :** झालसा रांची के निदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश- सह- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री अखिल कुमार के मार्गदर्शन में आज व्यवहार न्यायालय साहिबगंज और राजमहल अनुमंडल न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया।लोक अदालत में कुल 25 मामलों का आपसी समझौते के आधार पर समाधान किया गया।साथ ही कुल ₹29,800 की समझौता राशि वसूली भी की गयी। जबकि न्यायिक पदाधिकारियों अधिवक्ताओं व पक्षकारों ने लोक अदालत के माध्यम से त्वरित न्याय प्रदान करने की प्रक्रिया की सराहना की।जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री विश्वनाथ भगत ने बताया कि लोक अदालत का उद्देश्य लोगों को त्वरित, सस्ता और सौहार्दपूर्ण समाधान उपलब्ध कराना है। आयोजन को सफल बनाने में सभी न्यायिक पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं व प्राधिकार के कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## अशोक ने की नामांकन जनता की समस्याओं के समाधान का लिया संकल्प



**साहिबगंज :** नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए निवार्ची पदाधिकारी गौतम कुमार भगत के कार्यालय में अशोक तुरी ने विधिवत रूप से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।नामांकन के दौरान उनके समर्थकों एवं कार्यकताओं में खासा उत्साह देखा गया।इस अवसर पर अशोक तुरी ने कहा कि यदि जनता उन्हें सेवा का अवसर देती है,तो वे नगर क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करेंगे।उन्होंने कहा कि स्वच्छ पेयजल,बेहतर सड़क व्यवस्था नियमित साफ-सफाई,जल निकासी की समस्या,स्ट्रीट लाइट,तथा स्वास्थ्य व शिक्षा सुविधाओं को मजबूत करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।उन्होंने यह भी वादा किया कि नगर परिषद में पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ कार्य किया जाएगा,ताकि आम जनता को योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके।गरीब,कमजोर एवं पिछड़े वर्ग के लोगों के हितों की रक्षा के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे।अशोक तुरी ने कहा कि वे जनता के विश्वास पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे और नगर को स्वच्छ,सुंदर एवं विकसित बनाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे।इस मौके पर बड़ी संख्या में समर्थक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सुरेन्द्र यादव ने वार्ड पार्षद पद के लिए 22 नंबर वार्ड से किया नामांकन

**साहिबगंज :** नगर निकाय चुनाव को लेकर अध्यक्ष वार्ड पार्षद नामांकन को लेकर सभी प्रत्याशी नामांकन पर्चा लेकर नामांकन मे तैयारी मे जुट गए है।वही वार्ड नंबर 22 के लिए सुरेन्द्र यादव ने निवार्ची पदाधिकारी मेधनाथ उरांव के समक्ष नामांकन दाखिल किया।आपको बता दू कि सुरेंद्र यादव कि पत्नी वार्ड नंबर 22 से वार्ड पार्षद रह चुकी है।वही नामांकन दाखिल करने के बाद सुरेंद्र यादव के समर्थको ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया।इस दौरान मिडिया से बातचीत मे सुरेन्द्र यादव ने कहा कि यह चुनाव हम नहीं वार्ड नंबर 22 कि जनता लड़ रही है।उन्होंने कहा कि क्षेत्र कि जनता का समर्थन हमें मिल रहा है।मौके पर सुरेंद्र यादव के कई समर्थक मौजूद थे।

## पेयजल स्वच्छता प्रमंडल प्रयोगशाला के सहायक सह गुणवत्ता प्रबंधक डॉक्टर संजय हुए सेवानिवृत्त

**साहिबगंज :** पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल साहिबगंज की और से देर शाम प्रयोगशाला सहायक सह गुणवत्ता प्रबंधक डॉक्टर संजय कुमार के बिदाई सह सम्मान समारोह में कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर अभियंता प्रमुख पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार रांची अनिल प्रसाद,मुख्य अभियंता मुख्यालय पेयजल स्वच्छता विभाग विभाग रांची शशि कुमार सोरेन,क्षेत्रीय मुख्य अभियंता पेयजल स्वच्छता दुमका क्षेत्रीय मुख्य अभियंता पेयजल स्वच्छता दुमका प्रभात कुमार सिंह,अधीक्षण अभियंता पेयजल स्वच्छता प्रमंडल दुमका आंचल दुमका सुशील कुमार टुडू, कार्यपालक अभियंता पेयजल स्वच्छता प्रमंडल साहिबगंज इंजीनियर शशि शेखर सिंह एवं अधीक्षक अभियंता अनिल कुमार झा आंचल दुमका एवं असिस्टेंट इंजीनियर कर्मचारी जूनियर इंजीनियर उपस्थित रहे।वही अनुराग राहुल ने डॉ संजय कुमार को रामचरित्रमानस और अंग वस्त्र दे कर सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई।वही सेवानिवृत होने पर डॉक्टर संजय कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि यहाँ के अधिकारी और कर्मचारी कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करते हैं और किसी भी जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा से निभाते हैं।

# मिट्टी की उर्वरक क्षमता बनाए रखने के लिए जैविक खेती अपनाने पर दिया बल

संवाददाता

**साहिबगंज :** संयुक्त जिला कृषि भवन परिसर, साहेबगंज में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि मेला-सह-फल एवं सब्जी प्रदर्शनी का सफल समापन दिनांक 31जनवरी को किया गया।प्रदर्शनी के दूसरे दिन अनुमंडल पदाधिकारी, साहिबगंज संयुक्त कृषि निदेशक, संताल परगना प्रमंडल, दुमका द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया गया। प्रथम सत्र में प्रधान-सह-वरीय वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र, साहिबगंज, डॉ० सुप्रिया सिंह द्वारा किसानों को कृषि से संबंधित विभिन्न विषयों पर तकनीकी जानकारी दी गई।कृषि विज्ञान केंद्र, साहिबगंज द्वारा लगाए गए स्टॉल पर केचुआ खाद, नेडेप खाद, जीरो एनर्जी कूल चेंबर इकाई, एलोवेरा जेल निष्कर्षण आदि के मॉडल प्रदर्शित किए गए। इनके उपयोग की विस्तृत जानकारी किसानों को दी गई। इस अवसर पर संयुक्त कृषि निदेशक द्वारा मिट्टी की उर्वरक क्षमता बनाए रखने हेतु जैविक खेती अपनाने पर बल दिया गया तथा रासायनिक उर्वरकों के न्यूनतम उपयोग व गोबर खाद, कम्पोस्ट, जीवामृत आदि के अधिक प्रयोग की सलाह दी गई।जिला कृषि पदाधिकारी श्री प्रमोद एक्का द्वारा विभागीय योजनाओं, विशेषकर झारखंड राज्य मिलेट मिशन योजना एवं किसान समृद्धि योजना पर विस्तार से जानकारी दी गई। किसानों से अधिक-से-अधिक मिलेट की खेती अपनाने का आह्वान किया गया। साथ ही अनुदानित दर पर सोलर पंपसेट अधिष्ठापन पर भी चर्चा की गई। जिला उद्यान पदाधिकारी, साहेबगंज द्वारा उद्यान विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी किसानों को दी गई।द्वितीय सत्र में किसानों के बीच कृषि क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 30 प्रश्न पूछे गए। सही उत्तर देने वाले किसानों को पुरस्कार स्वरूप कुदाल व नैनो डी०ए०पी० प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में किसानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



प्रदर्शनी में कुल 44 फसल समूहों के अंतर्गत 130 किसानों को पुरस्कृत किया गया। प्रथम पुरस्कार स्वरूप 44 किसानों को बड़ी स्टील बाल्टी, द्वितीय पुरस्कार स्वरूप 42 कुदाल, तथा तृतीय पुरस्कार स्वरूप 44 केन एवं हैंड स्प्रेयर वितरित किए गए। सभी विजेताओं को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया गया।

कृषि विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन प्रखंड कृषि पदाधिकारी, तीन प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं तीन सहायक तकनीकी प्रबंधक को पुरस्कृत किया गया। साथ ही जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पाँच कृषक मित्रों को ₹5000 पाँच हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि एवं मिल्टन वाटर बोतल देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त डिजिटल क्रॉप सर्वे योजना अंतर्गत तीन सर्वश्रेष्ठ निजी सर्वेयर को भी सम्मानित किया गया।इस अवसर पर संयुक्त कृषि निदेशक जिला कृषि पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा जिला उद्यान कार्यालय, साहेबगंज एवं कृषि विज्ञान केंद्र, साहेबगंज द्वारा प्रशिक्षित महिला किसानों के बीच प्रमाण-पत्रों का वितरण किया गया।कृषि मेला के दूसरे दिन के विशेष आकर्षणों में हाइड्रोपोनिक्स, सोलर पंप, तसर सिल्क एवं उसके उत्पाद, प्राकृतिक कृषि मॉडल, केज कल्चर, ड्रोन तकनीक, आकांक्षा हाट एवं मशरूम की खेती प्रमुख रहे।इस दो दिवसीय कृषि मेला में हजारों किसानों ने भाग लिया तथा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। किसानों ने उन्नत तकनीकों को अपनाकर खेती में प्रयोग करते हुए उत्पादन व आय बढ़ाने का संकल्प लिया। वहीं परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सीख से सुरक्षा तकनीक से परिवर्तन विषय पर जागरूकता जानकारी दी गई।इस मेला में संयुक्त कृषि निदेशक संताल परगना प्रमंडल दुमका अनुमंडल पदाधिकारी साहिबगंज विभिन्न विभागों के पदाधिकारी कर्मी कृषि वैज्ञानिक स्वयंसेवी संस्थान निजी संस्थान हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष किसानों ने सहभागिता निभाई।

# धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आज सभी देवी-देवता स्वर्ग से पृथ्वी पर आते हैं



### आज का दिन भी उनके जीवन के एक विशेष मोड़ से जुड़ा है

संवाददाता

**साहिबगंज :** हिंदू पंचांग के अनुसार,माघ महीने में पड़ने वाली पूर्णिमा को माघ पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है।इस महीने एक फरवरी,2026 को माघ पूर्णिमा मनाई गई।आज एक फरवरी 2026 को जैन इतिहास और हिंदू धर्म के अनुसार एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है।हालांकि भगवान महावीर का जन्म उत्सव महावीर जयंती हर साल चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को मनाया जाता है।लेकिन आज का दिन भी उनके जीवन के एक विशेष मोड़ से जुड़ा है।आज के दिन की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं गौतम स्वामी का मान-मर्दन जैन इतिहास के अनुसार,आज ही के दिन इंद्रभूति गौतम ने भगवान महावीर के समवशरण के मानस्तंभ को देखकर अपना अहंकार मान त्याग दिया था और अपने 500 शिष्यों के साथ भगवान महावीर के प्रथम शिष्य गणधर बने थे।माघ पूर्णिमा का पावन पर्व भी है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार,आज सभी देवी-देवता स्वर्ग से पृथ्वी पर आते हैं और गंगा स्नान करते हैं।शाही स्नान संगम नगरी प्रयागराज में माघ मेले का पाँचवां शाही स्नान भी हो रहा है।आज के शुभ मुहूर्तपूर्णिमा तिथि:आज सुबह 5:52 बजे शुरू हुई है और 2 फरवरी को तड़के 3:38 बजे समाप्त होगी।स्नान और दानः आज ब्रह्म मुहूर्त में सुबह 5:24 से 6:17 बजे तक स्नान का विशेष महत्व था, और अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:13 से 12:57 तक भी पूजा के लिए उत्तम माना गया है। वहीं दूसरी ओर माघ मास के मां की पूर्णिमा पर मुक्तेश्वर धाम के सीढ़ी घाट पर शकुंतला सहाय घाट पुरानी साहिबगंज घाट जहाज घाट ब्रह्म मुहूर्त से ही हजारों श्रद्धालुओं ने आज मन की पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धापूर्ण डुबकी लगाई वहीं मंदिरों में पूजा अर्चना करते हुए सैकड़ो लोग दिखाई पड़े हालांकि गंगा कतर भक्तों से खचाखच भरा हुआ है फिर भी लोग आस्था के नाम पर एक डुबकी जरूर लगा रहे हैं।वही दान पुण्य भी कर रहे हैं लोग बिजली घाट, मुक्तेश्वर धाम उत्तर वाहिनी गंगा में हजारों लोगों ने आज माघी पूर्णिमा पर लगे श्रद्धा की डुबकियां लगाते नजर आएं।

# रक्तदान से जिंदगियां बचाई जा सकती है : प्राचार्य



संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** संत जेवियर्स स्कूल कोटालपोखर परिसर में जिला स्वास्थ्य केंद्र के तत्वावधान में एक विशाल रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया।इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों शिक्षकों अभिभावकों के साथ-साथ क्षेत्र के आम नागरिकों को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक करना और समाज में मानवता सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करना था।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर स्टीफन राज के प्रेरणादायक संबोधन से हुआ।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि रक्तदान एक ऐसा महान दान है जिससे न जाने कितनी अनमोल ज़िंदगियाँ बचाई जा सकती हैं। रक्त का कोई विकल्प नहीं है,इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को आगे आकर नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। इससे न केवल जरूरतमंदों की मदद होती है,बल्कि समाज में आपसी सहयोग की भावना भी विकसित होती है।शिविर में विद्यालय के शिक्षकों, अभिभावकों, कर्मचारियों तथा स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।रक्तदान के दौरान जिला स्वास्थ्य केंद्र से आई चिकित्सकों एवं प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने सभी रक्तदाताओं की पहले पूरी स्वास्थ्य जाँच की,ताकि रक्त संग्रह पूरी तरह सुरक्षित और मानक प्रक्रियाओं के अनुरूप किया जा सके।शिविर के दौरान रक्तदाताओं को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया गया, जिसमें संतुलित आहार,पर्याप्त आराम और नियमित स्वास्थ्य जाँच के महत्व पर विशेष जानकारी दी गई।रक्तदान करने वाले सभी दाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रशासन की ओर से सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं आयोजन से जुड़े सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक और जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहेगा।कुल मिलाकर यह रक्तदान शिविर अत्यंत सफल अनुकरणीय व प्रेरणादायक रहा,जिसने समाज को यह संदेश दिया कि थोड़ा सा योगदान किसी के जीवन के लिए संजीवनी बन सकता है।

# मारपीट मामले में प्राथमिकी दर्ज जांच में जुटी पुलिस

**क्रिकेट मैच के दौरान मारपीट, बल्ले से वार कर युवक को किया बेहोश**

**साहिबगंज :** बरहेट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत क्रिकेट मैच के दौरान हुए विवाद में प्राथमिक की दर्ज। थाना कांड संख्या 11/26 दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। बता दे कि बिगत गुरुवार को थाना क्षेत्र के बरमसिया चंद्रगौड़ा मैदान में क्रिकेट खेल के दौरान हुए विवाद में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल सनमनी गांव निवासी आफताब अंसारी 22 वर्ष पिता स्वर्गीय जमाल अंसारी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार आफताब अंसारी अपने दोस्तों के साथ बरमसिया चंद्रगौड़ा मैदान में क्रिकेट खेलने गया था। इसी दौरान बरमसिया की टीम के साथ मैच खेला जा रहा था। मैच के दौरान गांव का ही इंजमाम अंसारी, पिता दौलत मोमिन, मैदान में पहुंचा और सनमनी गांव से आए खिलाड़ियों से विवाद करने लगा। देखते ही देखते मामला मारपीट में बदल गया। और इंजमाम अंसारी ने पीछे से क्रिकेट बैट से आफताब अंसारी के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर था। थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि आफताब अंसारी के आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## चोरी के मामले में अखिलेश गिरफ्तार

**साहिबगंज :** नगर थाना पुलिस ने चोरी के मामले में हबीबपुर पाइप रोड निवासी अखिलेश कुमार भगत को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि बीते 19 जनवरी को पुलिस ने अखिलेश के घर से चोरी का सामान बरामद किया था। छापेमारी के दौरान उसकी पत्नी की गिरफ्तारी भी हुई थी । अखिलेश फरार चल रहा था गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस छापेमारी कर गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया ।

# स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : सिविल सर्जन

संवाददाता

**साहिबगंज :** सिविल सर्जन साहिबगंज द्वारा जिले के एएनएम सकरीगली एफपी, सकरीगली , मदनशाही एवं लोहंडा स्वास्थ्य संस्थानों का अचेक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान संबंधित स्वास्थ्य संस्थानों में स्थापित सभी कर्मियों की उपस्थिति की जांच की गई। साथ ही आसपास के स्थानीय नागरिकों से कर्मियों की नियमित उपस्थिति व स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। यह भी जांचा गया कि कर्मियों की उपस्थिति नियमित रूप से बनी रहती है। अथवा नहीं इसके अतिरिक्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के सभी पहलुओं का विस्तृत अवलोकन किया गया।जिसमें दवा की



उपलब्धता, डायग्नोस्टिक सेवाओं की स्थिति और आवश्यक सेवाओं की समीक्षा शामिल रही। साथ ही संबंधित संस्थानों के अधीनस्थ फील्ड स्तर की स्वास्थ्य सेवाओं का भी समग्र रूप से रिव्यू किया गया।निरीक्षण के उपरांत सिविल सर्जन द्वारा सभी कर्मियों को जनहित में बेहतर कार्य करने, सरकार द्वारा संचालित सभी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित करें ।स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने उपलब्ध सुविधाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए।इसके साथ ही ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ कार्य करने, स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छता व साफ-सफाई बनाए रखने, स्वयं स्वच्छ रहने तथा आम जनता को सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए।



# 'दो दीवाने सहर में'

# मृणाल संग सिद्धांत का प्यार चढ़ेगा परवान

**हर** 'इश्क' परफेक्ट नहीं होता पर काफी होता है, अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी और एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर अपकमिंग फिल्म 'दो दीवाने सहर में' की रिलीज को अब कुछ ही समय बाकी है। इस फिल्म में मृणाल ठाकुर के साथ एक रोमांटिक किरदार निभा रहे सिद्धांत एक सॉफ्ट और भावनात्मक लवर-बॉय की भूमिका में दिखेंगे। शुक्रवार को अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इसमें दोनों एक दूसरे के साथ खोए नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने पोस्ट कर लिखा, 'रोमांटिक कॉमेडी फिल्मों को वापस लाना, क्या यह वर्तमान समय की जरूरत है या सिर्फ मुझे ऐसा लग रहा है? सिद्धांत के पोस्ट करने के बाद फैंस के बीच यह चर्चा शुरू होने लगी है कि क्या रोमांटिक फिल्मों का दौर फिर से लौट रहा है, हालांकि सोशल मीडिया पर शेयर किए गए सिद्धांत के पोस्ट के साथ तस्वीरों से साफ पता चल रहा है कि यह फिल्म हल्की-फुल्की रोमांटिक ड्रामा फिल्म होगी। यही वजह है कि कई दर्शकों ने सिद्धांत की इस बात से सहमति जताते हुए फील-गुड रोमांटिक फिल्मों की वापसी का स्वागत किया है। 'दो दीवाने सहर में' एक आधुनिक प्रेम कहानी है, जिसमें पुराने जमाने के रोमांस की झलक भी देखने को मिलेगी। वहीं फैंस भी सिद्धांत और मृणाल को एक साथ रोमांटिक अंदाज में देखने के लिए बेताब हैं। इससे पहले फिल्म का टीजर और इसका गाना 'आस्मा' जारी हो चुका है, जिसे देखकर फैंस और भी ज्यादा फिल्म को देखने के लिए उत्साहित हैं।

झअब देखना होगा कि सिद्धांत और मृणाल की केमिस्ट्री दर्शकों के दिलों में जगह बना पाएगी कि नहीं। रवि उद्यावर द्वारा निर्देशित फिल्म 'दो दीवाने सहर में' को संजय लीला भंसाली प्रोड्यूस कर रहे हैं। इसमें प्रेरणा सिंह, उमेश कुमार बंसल और भरत कुमार भी हैं। फिल्म की कहानी एक अनोखे और खूबसूरत रोमांस को दर्शाती है। फिल्म में अन्य कलाकारों में इला अरुण, जॉय सेनगुप्ता, आयेशा रजा, संदीपा धर समेत कई नाम शामिल हैं।

# 'बॉर्डर-2' में रोल मिलने पर खुशी से रो पड़ी थी मेधा राणा




**सनी** देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर फिल्म 'बॉर्डर-2' बॉक्स ऑफिस पर शानदार कलेक्शन कर रही है। फिल्म में लीड रोल्स की चर्चा हर कोई कर रहा है, लेकिन फिल्म में मेधा राणा ने भी महत्वपूर्ण रोल प्ले किया है। मेधा ने मेजर होशियार सिंह दहिया की पत्नी धनवंती देवी का रोल प्ले किया है, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि अभिनेत्री खुद एक आर्मी परिवार से ताल्लुक रखती हैं और वे उस डर और इमोशंस को जी चुकी हैं, जिन्हें फिल्म में दिखाया गया है।

'बॉर्डर-2' जैसी फिल्म में सेलेक्ट होने के अनुभव पर मेधा राणा कहा, 'जब मुझे पहली बार कॉल आया तो मैं खुशी से रो पड़ी थी। फिल्म के लिए मैंने कई राउंड ऑडिशन दिए थे और कास्टिंग डायरेक्टर छाबड़ा सर ने मुझे बुलाकर सामने से बताया था कि मैं सेलेक्ट हो चुकी हूं। वो पल मेरे लिए सबसे प्यारा था और खुशी के मारे मैं बहुत रोई थी। मैंने कभी नहीं सोचा था कि इतनी बड़ी फिल्म में मुझे काम करने का मौका मिलेगा। अब काम करने के बाद खुद पर धीरे-धीरे यकीन कर पा रही हूं। फिल्म में मेधा ने मेजर होशियार सिंह दहिया की पत्नी धनवंती देवी का किरदार निभाया है। अपने किरदार पर बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, 'ये किरदार इमोशनली बहुत स्ट्रांग था क्योंकि ये उन पत्नियों की हिम्मत को दिखाता है, जिन्होंने देश के लिए सब कुछ दांव पर लगा दिया। जब मुझे पहली बार स्क्रिप्ट पढ़ने के लिए दी गई तो मैं समझ गई कि किरदार बहुत सारी जिम्मेदारी और इमोशंस के साथ आता है। अभिनेत्री ने आगे कहा, 'मेरे परिवार की तीन पीढ़ियों ने आर्मी में सेवा दी है और मेरे पापा आज भी सेवाएं दे रहे हैं और यही कारण है कि इस फिल्म को पूरी जिम्मेदारी से निभाना मेरा फर्ज था। हमने भी उन इमोशंस को जिया है, जो फिल्म में पर्दे पर दिखाए गए हैं। 'बॉर्डर-2' में 'बॉर्डर' से अलग क्या देखने को मिलेगा के सवाल पर मेधा ने बताया कि हर फिल्म का किरदार अलग है और इमोशन और हिम्मत से भरा है।

फिल्म में प्यार, इमोशन, फैमिली, और हिम्मत को दिखाया गया है क्योंकि नहीं पता कि वापस कब लौट पाएंगे। चारों किरदार अलग हैं, लेकिन चारों कहानी ही पूरी फिल्म को बनाती हैं। फिल्म को लेकर खुद को तैयार करने के सवाल पर मेधा ने बताया कि जो मेरा किरदार है, वो मेरी नानी पहले जी चुकी हैं, क्योंकि 1971 के समय मेरी मां का जन्म हुआ था और नाना की पोस्टिंग बांग्लादेश में थी। मेरी नानी ने मुझे बहुत सारी कहानियां और टिप्स भी दीं, जिससे मुझे फिल्म के किरदार को निभाने में बहुत मदद मिली।

## 'हम लोगों के बीच...' गौरव खन्ना संग तलाक की खबरों पर बोलीं आकांक्षा चमोला, क्या टूटने वाली है 9 साल की शादी?



गौरव खन्ना और आकांक्षा चमोला का प्यार किसी को साबित करने का मोहताज नहीं है. इन दोनों की बॉन्डिंग बिग बॉस में भी लोगों को देखने को मिली. लेकिन, कुछ दिनों ने इन दोनों के तलाक की खबरें आ रही है. जिसकी वजह आकांक्षा चमालो का एक पोस्ट है. तलाक की खबरों को हवा मिलते ही एक्ट्रेस ने अब इस पर रिएक्ट किया है. एक्ट्रेस ने ऐसी बात कह दी कि तलाक की खबरों को हवा देने वालों के मुंह पर जोरदार तमाचा है. बात करते हुए गौरव खन्ना की बेटर हॉफ ने इस पर चुप्पी तोड़ी है. आकांक्षा ने कहा कि 'हम लोगों की शादी में कोई भी दिक्कत नहीं है. जो मैंने पोस्ट किया था उसका गौरव से कोई भी कनेक्शन नहीं है. मैं उस तरह की इंसान नहीं हूं कि पर्सनल चीजों को सोशल मीडिया पर किसी के डिस्कस करूं. मेरा पोस्ट मेरी अपकमिंग स्टोरीज को प्रमोट करने को लेकर है. इसे अलग तरह से देखा जा सकता था. लेकिन, लोगों को कुछ ज्यादा बढ़ा चढ़ाकर पेश किया.'

### ट्रोल क्वीन बन गई हूं

इसके साथ ही आकांक्षा ने ऑनलाइन ट्रोलिंग को लेकर जवाब दिया. जिसकी वजह गौरव के पिता बनने की इच्छा और आकांक्षा के मां ना बनने के फैसले पर था. इस पर एक्ट्रेस ने कहा- 'मैं इस वक्त ट्रोल क्वीन बन गई हूं. मैं हमेशा से इस विषय पर ओपन रही हूं. गौरव ने हमेशा मेरा साथ दिया है. हम लोगों के बीच उम्र का फासला है. लेकिन, वो काफी मैच्योर है कि मेरा प्वाइंट ऑफ व्यू समझ पाए. मैंने साफ कहा कि मैं इसके लिए तैयार नहीं हीं. ये मेरी पर्सनल च्वॉइस है और मुझे किसी को भी जस्टीफाई करने की जरूरत नहीं है.

## अभिनय से आगे की तैयारीः ओ रोमियो के लिए एविनाश तिवारी ने सीखे फ्लेमेंको मूव्स

लैला मजनू की दर्दभरी शिद्दत हो, मडगांव एक्सप्रेस की कॉमिक टाइमिंग, खाकी : द बिहार चैप्टर की सख़्ती या द मेहता बॉयज़ का ड्रामा – एविनाश तिवारी ने अपने काम से हर बार ये साबित किया है कि वो इमोशन्स और रेंज के खिलाड़ी हैं. उनकी परफॉर्मेंस हमेशा गहराई और असर के लिए सराही गई है. लेकिन इस बार जो सामने आया, वो थोड़ा हटकर है। विशाल भारद्वाज की आने वाली फिल्म ओ रोमियो की तैयारी में एविनाश ने फ्लेमेंको डांस को भी अपना हथियार बनाया। हाल ही में एविनाश ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वो फ्लेमेंको डांस करते नज़र आ रहे हैं. इसी आर्ट फॉर्म के ज़रिए उन्होंने अपने किरदार जलाल को गढ़ा है, जो फिल्म में एक माटाडोर और एंटैगनिस्ट है। जलाल की खतरनाक मौजूदगी सिर्फ हिंसा से नहीं, बल्कि कंट्रोल और ठहराव से आती है। वीडियो में एविनाश की सीधी खड़ी देह, तेज़ फुटवर्क और भीतर दबा तनाव साफ महसूस होता है। वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, स्पेन जाने से पहले। भाषा सीखने से पहले। शरीर पहले ही सब जानता था। ओ रोमियो की तैयारी की एक झलक। फिल्म में फ्लेमेंको का हिस्सा भले ही छोटा हो, लेकिन उसकी तैयारी बिल्कुल भी छोटी नहीं थी। एक अहम सीन के लिए एविनाश ने स्क्रीन पर फ्लेमेंको किया, हालांकि वो सीन फिल्म में रहेगा या नहीं, ये अभी देखना बाकी है। इस ट्रेनिंग का मकसद था माटाडोर की बॉडी लैंग्वेज को समझना – जलाल कैसे ज़मीन पर टिककर खड़ा होता है। कैसे सोच-समझकर आगे बढ़ता है और कैसे ख़ामोशी में भी खतरा बनाए रखता है। इतना तो साफ है कि डांस-ड्रिवन फिल्मों में भी एविनाश की ज़बरदस्त संभावना है, जो उनकी वर्सेटिलिटी की एक और झलक देती है। ओ रोमियो में अपने इस फियरस और ट्रांसफॉर्मेटिव रोल को लेकर पहले से ही चर्चा में बने एविनाश के पास आगे इम्तियाज़ अली की ओ साथी रे और प्रशांत झा की गिन्नी वेड्स सनी 2 भी हैं.

## 'तू या मैं' में मेरा किरदार साइड रोल नहीं, कहानी की मजबूत कड़ी है: पारुल गुलाटी



**बॉलीवुड** और ओटीटी की दुनिया में लगातार अपनी अलग पहचान बना रहीं अभिनेत्री पारुल गुलाटी इन दिनों अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। अभिनय के साथ-साथ एक सफल उद्यमी के तौर पर भी अपनी पहचान रखने वाली पारुल अब थ्रिलर फिल्म 'तू या मैं' में नजर आएंगी। उन्होंने हाल ही में इस फिल्म और अपने किरदार को लेकर खुलकर बात की है और इसे अपने करियर का एक बेहद खास मौका बताया। फिल्म 'तू या मैं' में पारुल गुलाटी के साथ आदर्श गौरव और शनाया कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय कर रहे हैं, जिनकी फिल्मों की पहचान भावनाओं, रिश्तों और गहराई से जुड़ी कहानियों के लिए रही है। पारुल लायरा नाम का किरदार निभा रही हैं, जो शनाया कपूर के किरदार की करीबी दोस्त और मैनेजर है। फिल्म का हिस्सा बनने पर पारुल ने कहा, ''आनंद एल राय का सिनेमा मुझे हमेशा से आकर्षित करता रहा है। फिल्म की कहानी नाटकीय होने के साथ-साथ भावनात्मक रूप से शानदार है और दर्शकों को भीतर तक छू जाएगी।'' पारुल ने अपने किरदार को लेकर बताया, ''मेरा किरदार लायरा सिर्फ एक दोस्त नहीं है बल्कि एक ऐसा इंसान है जो हर मुश्किल में साथ खड़ी रहती है, सही सवाल पूछती है, जरूरत पड़ने पर टोकती भी है और बिना शर्त समर्थन करती है। मैं इस किरदार को निभाकर बेहद खुश हूं और अभी भी इस एहसास में डूबी हुई हूं कि मुझे इतना अहम रोल निभाने का मौका मिला है।'आनंद एल राय की फिल्में वही सिनेमा हैं, जिनकी ओर मैं हमेशा खिंचती रही हूं। यह एक ऐसा दुर्लभ मौका है, जो जिंदगी में कम ही मिलता है, जहां बड़ी स्क्रीन की भव्यता के साथ-साथ कहानी में दिल और भावना दोनों मौजूद हों। पारुल गुलाटी ने फिल्म की पूरी टीम के प्रति आभार भी जताया। उन्होंने कहा, ''मैं मेकर्स की शुक्रगुजार हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मुझे लायरा जैसा मजबूत किरदार सौंपा। मेरे लिए एक अनोखी थ्रिलर और क्रिएचर यूनिवर्स का हिस्सा बनना बेहद खास अनुभव है। मैं इस फिल्म को लेकर बहुत खुश, आभारी और उत्साहित हूं .

पारुल ने कहा, 'लायरा कोई साधारण या साइड कैरेक्टर नहीं है, बल्कि कहानी की भावनात्मक रीढ़ है। यह किरदार फिल्म की कहानी को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाती है। मेरे लिए यह अनुभव इसलिए भी खास है क्योंकि मैं ऐसी फिल्मों का हिस्सा बनना चाहती थी जिनमें किरदारों की गहराई हो और कहानी दिल से जुड़ी हो। इस फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। आनंद एल राय के साथ काम करने के अनुभव को लेकर पारुल गुलाटी ने कहा, ''एक कलाकार और एक क्रिएटर के तौर पर इससे बेहतर सहयोग शायद मुझे कभी नहीं मिल सकता था।

## भारत ने न्यूजीलैंड को 46 रनों से हराकर 4-1 से सीरीज जीती ईशान किशन का तूफानी शतक और अर्शदीप का पंजा



एजेंसी

**तिरुवनंतपुरम :** भारतीय क्रिकेट टीम ने ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए पांचवें और अंतिम टी20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 46 रनों से हराकर पांच मैचों की सीरीज 4-1 से अपने नाम कर ली। इस मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 271 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जो अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में भारत का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 19.4 ओवर में 225 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत की जीत के नायक विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह रहे। ईशान किशन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 42 गेंदों में अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक पूरा किया। उन्होंने 43 गेंदों पर 103 रन बनाए, जिसमें 10 छक्के और 6 चौके शामिल थे। यह भारत के लिए टी20क में पांचवां सबसे तेज और न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे तेज शतक रहा। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 63 रनों की सधी हुई पारी खेली, जबकि हार्दिक पांड्या ने अंत में 17 गेंदों पर 42 रन बनाकर स्कोर को और मजबूत किया। न्यूजीलैंड की ओर से फिन एलेन ने वापसी करते हुए आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और 38 गेंदों पर 80 रन ठोके। हालांकि, उनके आउट होते ही मेहमान टीम की पारी लड़खड़ा गई। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने लगातार अंतराल पर विकेट चटकाकर मैच पर पूरी तरह नियंत्रण बना लिया। अर्शदीप सिंह ने इस मुकाबले में शानदार वापसी करते हुए 4 ओवर में 51 रन देकर 5 विकेट झटके। यह उनके टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का दूसरा पांच विकेट हॉल रहा और इसी के साथ वह इस सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बने। अक्षर पटेल ने 3 विकेट लिए, जबकि वरुण चक्रवर्ती ने 1 सफलता हासिल की। इस जीत के साथ भारत ने सीरीज में अपना दबदबा कायम रखा। नागपुर में पहला मैच जीतने के बाद भारत ने लगातार शानदार प्रदर्शन किया, जबकि न्यूजीलैंड की एकमात्र जीत विशाखापट्टनम में चौथे टी20 में आई थी। अंतिम मुकाबले में दमदार वापसी के साथ भारत ने सीरीज को शानदार अंदाज में समाप्त किया और आगामी टी20 विश्व कप से पहले आत्मविश्वास बढ़ाया।

# मोती की तीन विकेटों की बदौलत वेस्टइंडीज ने दक्षि ा अफ्रीका को तीसरे टी20 में 6 रन से हराया

एजेंसी

**जोहान्सबर्ग :** शाई होप और शिमरॉन हेटमायर की बेहतरीन पारियों के बाद गेंदबाजी में गुडाकेश मोती के तीन विकेटों की मदद से वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बारिश से प्रभावित तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय में सांत्वना जीत दर्ज की। बिजली गिरने की आशंका के चलते मैच की शुरूआत में देरी हुई, जिसके बाद मुकाबला 16-16 ओवर प्रति टीम का कर दिया गया। हालांकि, वेस्टइंडीज की पारी के छह ओवर बाद एक और बार खेल रोका गया और अंततः मैच को 10-10 ओवर प्रति टीम तक सीमित करना पड़ा। वेस्टइंडीज ने 10 ओवर में 3 विकेट पर 114 रन बनाए, जिसके जवाब में डीएलएस पद्धति के तहत दक्षिण अफ्रीका को 125 रन का संशोधित लक्ष्य मिला।



वेस्टइंडीज की पारी

वेस्टइंडीज की शुरूआत झटके के साथ हुई जब जॉनसन चार्ल्स बिना खाता खोले लुंगी एनगिडी की गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद शाई होप और शिमरॉन हेटमायर ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए पारी को संभाला। हेटमायर ने तीसरे ओवर में एनगिडी पर दो छक्के जड़े, जबकि होप ने केशव महाराज के ओवर में एक चौका और दो छक्के लगाए। पांच ओवर में टीम का स्कोर 62/1 हो गया।

बारिश के कारण लंबे ब्रेक के बाद खेल दोबारा शुरू हुआ। आठवें ओवर में होप और हेटमायर ने महाराज पर तीन छक्के लगाकर 20 रन बटोरे, हालांकि इसी ओवर में होप 25 गेंदों में 48 रन बनाकर आउट हो गए। रोवमैन पॉवेल ने भी दो छक्के लगाए लेकिन नौवें ओवर में पवेलियन लौट गए। हेटमायर 22 गेंदों में नाबाद 48 रन बनाकर अंत तक टिके रहे।

### दक्षिण अफ्रीका की पारी

संशोधित लक्ष्य का पीछा करते हुए क्विंटन डी कॉक ने पहले ओवर में जेसन होल्डर पर 19 रन ठोककर तेज शुरूआत दिलाई। लेकिन इसके बाद वेस्टइंडीज के स्पिनरों ने मैच पलट दिया।

अकील हुसैन ने एडेन मार्करम को आउट किया, जबकि गुडाकेश मोती ने डी कॉक, रयान रिकेल्टन और डेवाल्ड ब्रेविस को जल्दी-जल्दी पवेलियन भेजकर दक्षिण अफ्रीका की रनचेज को पटरी से उतार दिया। जेसन स्मिथ ने अंत में 10 गेंदों पर 26 रन बनाकर उम्मीद जगाई, लेकिन अंतिम ओवर में शमार जोसेफ की सटीक यॉर्कर पर वह बोल्ड हो गए। आखिरी ओवर में एक अजीब घटना भी देखने को मिली जब कॉर्बिन बॉश का बल्ला शॉट खेलते वक्त टूट गया और टीम को एक रन कम मिला। अंततः दक्षिण अफ्रीका लक्ष्य से 6 रन पीछे रह गया।

### संक्षिप्त स्कोर

वेस्टइंडीजः 10 ओवर में 114/3
(शिमरॉन हेटमायर 48*, शाई होप 48; लुंगी एनगिडी 1/19)
दक्षिण अफ्रीकाः 10 ओवर में 118/6
(क्विंटन डी कॉक 28, जेसन स्मिथ 26; गुडाकेश मोटी 3/17)

वेस्टइंडीज ने डीएलएस पद्धति से 6 रन से जीत दर्ज की।

# वाराणसी: माघ पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालुओं ने पुण्य सलिला गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

- ✔ श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर जगह-जगह बैरिकेडिंग, यातायात प्रतिबंधित

एजेंसी

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी (काशी)में माघ मास के प्रमुख स्नान पर्व माघ पूर्णिमा पर रविवार को लाखों श्रद्धालुओं ने पुण्य सलिला गंगा नदी में पूरे आस्था के साथ पुण्य की डुबकी लगाई। स्नान ध्यान के बाद गंगाघाटों पर श्रद्धालुओं ने दानपुण्य कर श्री काशी विश्वनाथ दरबार में हाजिरी लगाई। महास्नान पर्व पर गंगा किनारे सुरक्षा का व्यापक प्रबन्ध किया गया। प्रयागराज से पलट प्रवाह (काशी आ रहे श्रद्धालुओं)की सुरक्षा को लेकर पूरे शहर में जगह-जगह बैरिकेडिंग और यातायात प्रतिबंधित किया है। पवित्र गंगा



नदी में विशेष नौकाओं पर सवार जल पुलिस,पीएसी,गोताखोरों के साथ एनडीआरएफ के जवान चक्रमण कर रहे है। महास्नान पर्व पर प्रमुख गंगाघाटों पर लाखों श्रद्धालु शनिवार शाम को ही पहुंच गए थे। भोर में लगभग तीन बजे से गंगा में डुबकी लगाने का सिलसिला शुरू हो गया। शहरी और आसपास के श्रद्धालु गंगाघाटों की ओर भोर से ही नंगे पाव पहुंचते रहे। माघी पूर्णिमा पर खास संयोग में आस्था की डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मची रही। गंगा स्नान के लिए प्राचीन दशाश्वमेध घाट, शीतलाघाट, पंचगंगा, अहिल्याबाई, अस्सी, तुलसीघाट, खिड़किया घाट, भैसासुर,सामने घाट पर सर्वाधिक भीड़ रही।

उधर,संत रविदास के जन्मस्थली सीरगोवर्धनपुर में आयोजित जयन्ती समारोह में भाग लेने आये लाखों रैदासी श्रद्धालुओं ने सामने घाट,अस्सी घाट पर आस्था की डुबकी लगाई। उनके स्नान ध्यान का सिलसिला दिन चढ़ने तक चलता रहा ।

गौरतलब हो माघी पूर्णिमा पर गंगा सहित पवित्र नदियों में स्नान करने से श्रद्धालुओं को माघ मास के स्नान के बराबर पुण्यफल मिलता है। सनातन धर्म में मान्यता है माघ पूर्णिमा पर भगवान विष्णु स्वयं गंगाजल में निवास करते हैं। इसलिए गंगाजल में स्नान और आचमन करना फलदायी होता है। वाराणसी स्थित सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय,के कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा के अनुसार माघी पूर्णिमा का पर्व धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक चेतना तथा सामाजिक समरसता का एक अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं पुण्यदायक पर्व है। यह पर्व माघ मास के पुण्यकाल में सम्पन्न होता है, जिसे शास्त्रों में ह्यमाघमासो महापुण्यप्रदायकःह्ल कहकर विशेष महिमा प्रदान की गई है। कुलपति प्रो. शर्मा ने कहा कि माघी पूर्णिमा न केवल गंगा-स्नान, दान, जप, तप एवं व्रत का विशिष्ट अवसर है, अपितु यह पर्व भारतीय लोकजीवन में करुणा, दया, सेवा एवं समत्व की भावना को सुदृढ़ करता है। धर्मशास्त्रों के अनुसार माघी पूर्णिमा को किया गया स्नान-दान सहस्त्रगुणित फल प्रदान करता है। विशेषतः अन्नदान, वस्त्रदान, तिलदान, घृतदान एवं स्वर्णदान का अत्यधिक महत्त्व बताया गया है। यह पर्व साधना, संयम एवं आत्मानुशासन की परम्परा को पुष्ट करता है।

ज्योतिषविद रविन्द्र तिवारी बताते है कि सनातन धर्म में माघ की पूर्णिमा के नहान का विशेष महत्व होता है। जो श्रद्धालु प्रयागराज संगम तट पर स्नान नहीं कर पाते हैं, वो काशी में स्नान का दान पुण्य करते हैं। हिन्दू पंचांग के अनुसार यह पूर्णिमा चंद्रमास का आखिरी दिन होता है। सनातन धर्म में पौष पूर्णिमा से शुरू होकर माघ पूर्णिमा तक पवित्र नदियों में स्नान की परम्परा है।

## अमेरिकी अदालत का पांच वर्षीय लियाम रामोस और उसके पिता को इमिग्रेशन हिरासत से रिहा करने का आदेश

एजेंसी

**वाशिंगटन :** अमेरिका की एक संघीय अदालत ने पांच वर्षीय लियाम कोनेजो रामोस और उनके पिता को तत्काल आप्रवासन (इमिग्रेशन) हिरासत से रिहा करने का आदेश दिया है। दोनों को टेक्सास के डिले में साउथ टेक्सास फैमिली रेजिडेंशियल सेंटर में रखा गया है। संघीय अदालत ने ट्रंप प्रशासन की आलोचना करते हुए कहा कि दोनों को रिहा कर दिया जाए।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, लियाम और उसेके पिता एड्रियन को इमिग्रेशन एजेंटों ने मिनियापोलिस के बफीर्ले उपनगरीय इलाके में उनके घर के रास्ते से ले जाकर 1,300 मील दूर टेक्सास की एक डिटेंशन सुविधा केंद्र में भेज दिया था। इस केंद्र को परिवारों को हिरासत में रखने के लिए बनाया गया है।

आदेश में कहा गया है कि प्री-स्कूल जाने वाले बच्चे और उसके पिता को मंगलवार तक रिहा कर दिया जाए। जज के कोर्टरूम डिप्टी और पीड़ित के वकीलों ने इसकी पुष्टि की है। अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट



जज फ्रेड बियरी ने अपने आदेश में आजादी की घोषणा नाम के एक अमेरिकी ऐतिहासिक दस्तावेज के बारे में सरकार की अज्ञानता पर फटकार लगाई। बियरी ने एक संभावित तानाशाह राजाके खिलाफ थॉमस जेफरसन की शिकायतों का हवाला देते हुए कहा कि आज लोग ₹उस इतिहास की गूंज सुन रहे हैं। जज ने अपनी राय के आखिर में अपने हस्ताक्षर के नीचे लियाम की तस्वीर के साथ बाइबिल के अंश मैथ्यू 19:14 और जॉन 11:35 का भी जिक्र किया। बायरी ने लिखा कि लियाम का मामला डिपोर्टेशन कोटा के लिए सरकार की गलत सोची-समझी और खराब तरीके से लागू की गई कोशिश से शुरू हुआ। उन्होंने लिखा यह अमानवीय है।

बायरी ने एडमिनिस्ट्रेटिव वारंट पर भी निशाना साधा, जिनका इस्तेमाल अकसर फेडरल इमिग्रेशन एजेंट गिरफ्तारी के लिए करते हैं। इस वारंट पर जज के दस्तखत की जरूरत नहीं होती। उन्होंने लिखा, ₹ ऐसे वारंट न्याय की कसौटी पर खरे नहीं उतरते। यह तो बिल्ली को चूहे की रखवाली में सौंप देना जैसा है।


बायरी ने कहा कि लियाम और उसके पिता को बावजूद इसके डिपोर्टेशन का सामना करना पड़ सकता है। यह अमेरिका का अजीब इमिग्रेशन सिस्टम है। जज ने अपनी राय को बेंजामिन फ्रैंकलिन के 1787 के संवैधानिक सम्मेलन में दिए गए बयान ₹हमारे पास एक गणतंत्र है, आप इसे बनाए रख सकते हैं₹ को कोट करते हुए खत्म किया।

## केंद्रीय बजट के प्रचार -प्रसार के लिए जांजगीर-चांपा जिले के दो युवा नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

एजेंसी

**जांजगीर-चांपा :** केन्द्रीय बजट 2026 के प्रचार-प्रसार को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) छत्तीसगढ़ ने प्रदेश स्तरीय टीम की घोषणा कर दी है। इस टीम में जांजगीर-चांपा जिले के दो युवा नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे जिले का राजनीतिक कद एक बार फिर प्रदेश स्तर पर उभरकर सामने आया है। भाजयुमो छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देश और प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा की सहमति से जारी की गई सूची में जांजगीर-चांपा निवासी भाजयुमो प्रदेश महामंत्री जितेंद्र देवांगन को पूरे प्रदेश में बजट 2026 के प्रचार अभियान का कार्यक्रम प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह अभियान 1 फरवरी से 15 फरवरी तक चलेगा, जिसकी पूरी कमान जितेंद्र देवांगन के हाथों में रहेगी।






इस दौरान वे प्रदेशभर में युवाओं के बीच बजट की योजनाओं, प्रावधानों और भविष्य की दिशा को लेकर व्यापक संवाद करेंगे।

वहीं, जांजगीर-चांपा जिले के ही युवा नेता और भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष अमन प्रताप सिंह को भिलाई जिले का कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया है। भिलाई जैसे औद्योगिक और श्रमिक बहुल क्षेत्र में बजट 2026 को युवाओं से जोड़ने, उद्योग, रोजगार और विकास से जुड़े प्रावधानों को सरल भाषा में समझाने की जिम्मेदारी अमन प्रताप सिंह निभाएंगे। इन नियुक्तियों के बाद जांजगीर-चांपा जिले के भाजपा और भाजयुमो कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यकताओं का मानना है कि जिले के युवाओं को प्रदेश स्तर पर मिली यह जिम्मेदारी न केवल संगठन की मजबूती को दशार्ती है, बल्कि जांजगीर-चांपा की सक्रिय भूमिका को भी रेखांकित करती है। भाजयुमो का लक्ष्य बजट 2026 की योजनाओं, विशेषताओं और युवाओं से जुड़े प्रावधानों को जन-जन तक पहुंचाना है, ताकि युवा वर्ग देश की आर्थिक दिशा और विकास योजनाओं से सीधे तौर पर जुड़ सके।

## आज 26 साल बाद को बजट के लिए खुलेगा शेयर बाजार, दिनभर होगा सामान्य कारोबार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** आज रविवार है। रविवार के दिन आमतौर पर शेयर बाजार में छुट्टी होती है। आज 26 साल बाद ऐसा मौका बना है, जब रविवार को भी शेयर बाजार में आम कार्य दिवस की तरह ही पूरे दिन कारोबार होगा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) दोनों जगह सामान्य दिनों की तरह ही कारोबार होगा। रविवार को स्टॉक मार्केट खुलने की वजह आज पेश होने वाला केंद्रीय बजट है। केंद्र सरकार 1999 के बाद पहली बार आज रविवार के दिन केंद्रीय बजट पेश करने जा रही है। दरअसल, 2017 से 01 फरवरी के दिन केंद्रीय बजट पेश करने की प्रथा शुरू की गई थी। अंतरिम बजट को छोड़कर सभी केंद्रीय बजट 01 फरवरी को ही पेश किए जाते रहे हैं। इसके पहले 28 रवरी 1999 को आखिरी बार केंद्र सरकार ने रविवार के दिन





केंद्रीय बजट पेश किया था। उस समय हर साल 28 फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करने की परंपरा थी। 28 फरवरी, 1999 को रविवार होने के बावजूद उसी दिन तत्कालीन अटल बिहार वाजेपयी सरकार के वित्तमंत्री यशवंत सिन्हा ने बजट पेश किया था।

बजट का सीधा असर शेयर बाजार पर पड़ता है। सरकारी खर्च, टैक्स, मैन्युफैक्चरिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, बैंकिंग और कैपिटल मार्केट से जुड़े बड़े ऐलान इसी दिन होते हैं। ऐसे में बजटीय प्रावधानों पर बाजार की त्वरित प्रतिक्रिया के लिए परंपरागत रूप से सामान्य ट्रेडिंग होती है। अगर बजट वाले दिन किसी भी वजह से बाजार बंद रहेगा, तो निवेशकों को बजटीय प्रावधानों पर अपनी प्रतिक्रिया जताने के लिए अगले ट्रेडिंग डे तक इंतजार करना पड़ेगा। ऐसा होने पर बाजार की परिस्थितियों में बदलाव भी हो सकता है। बीएसई और एनएसई ने अपने सर्कुलर के जरिए स्पष्ट कर दिया है कि आज बजट पेश होने वाले दिन विशेष लाइव ट्रेडिंग सेशन होगा। हालांकि निवेशकों के लिए इसमें कुछ अलग नहीं होगा। ट्रेडिंग का तरीका और सारे नियम वही रहेंगे, जो आम दिनों में होते हैं। रविवार को भी बाजार की टाइमिंग बिल्कुल सामान्य रहेगी। नॉर्मल ट्रेडिंग सेशन सुबह 9:15 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक होगा। यानी निवेशक बजट भाषण के दौरान और उसके तुरंत बाद भी ट्रेड कर पाएंगे। आमतौर पर बजट भाषण सुबह 11 बजे शुरू होता है। उसी समय बाजार में हलचल तेज हो जाती है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### संयुक्त राष्ट्र सामाजिक विकास आयोग के 64वें सत्र में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी केन्द्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर

**धार :** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री तथा मध्य प्रदेश के धार क्षेत्र से सांसद सावित्री ठाकुर सोमवार, 02 फरवरी से अमेरिका की पांच दिवसीय यात्रा पर रहेंगी। वे 6 फरवरी तक संयुक्त राज्य अमेरिका के न्यूयॉर्क में आयोजित हो रहे संयुक्त राष्ट्र सामाजिक विकास आयोग के 64वें सत्र में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। जनसम्पर्क अधिकारी वीणा रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय, न्यूयॉर्क में आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए विभिन्न सत्रों एवं संवादों में सहभागिता करेंगी। वे भारत में महिला एवं बाल विकास, सामाजिक सुरक्षा, समावेशी विकास तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से किए जा रहे प्रयासों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करेंगी। साथ ही वैश्विक सामाजिक नीति प्राथमिकताओं पर रचनात्मक संवाद में भाग लेंगी और भारत के अनुभवों एवं दृष्टिकोण को विश्व समुदाय के समक्ष रखेंगी। जनसम्पर्क अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर की यह पांच दिवसीय यात्रा भारत की वैश्विक मंच पर बढ़ती भूमिका, सामाजिक विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता तथा ह्लवसुधैव कुटुंबकम्ह्ल की भावना के अनुरूप विश्व कल्याण में उसके योगदान को सशक्त रूप से प्रतिबिंबित करती है। न्यूयॉर्क प्रवास के दौरान संयुक्त राष्ट्र की विभिन्न एजेंसियों, अन्य सदस्य देशों के प्रतिनिधियों तथा अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय बैठकों की भी संभावना है। इन संवादों के माध्यम से सामाजिक विकास, महिला सशक्तिकरण एवं बाल कल्याण से जुड़े विषयों पर सहयोग की नई संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (एउडरडउ) के अंतर्गत कार्यरत सामाजिक विकास आयोग, संयुक्त राष्ट्र का एक प्रमुख कार्यात्मक आयोग है, जो सामाजिक विकास से जुड़े महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर नीति निर्माण, अंतरराष्ट्रीय सहयोग एवं समन्वय को बढ़ावा देता है। आयोग का मुख्य फोकस सामाजिक समावेशन, समानता, गरीबी उन्मूलन, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल कल्याण तथा समाज के वंचित वर्गों के सशक्तिकरण से संबंधित नीतियों पर केंद्रित रहता है। सामाजिक विकास आयोग का वार्षिक सत्र सदस्य देशों के लिए एक महत्वपूर्ण वैश्विक मंच प्रदान करता है, जहां वे अपने-अपने देशों में सामाजिक विकास के क्षेत्र में हुई प्रगति की समीक्षा करते हैं, अनुभव साझा करते हैं तथा सर्वोत्तम प्रथाओं का आदानझ्प्रदान करते हैं।

### राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ का असर, बारिश-ओलावृष्टि से बदला मौसम

जयपुर, 01 फरवरी (हि.स.)। राजस्थान में सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के चलते शनिवार से प्रदेश के मौसम में बड़ा बदलाव आ गया है। कोटपूतली-बहरोड़ जिले के कोटपूतली क्षेत्र में शनिवार रात से शुरू हुई बारिश रविवार सुबह तक जारी रही। वहीं अलवर जिले में रविवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे विजिबिलिटी घटकर मात्र 50 मीटर रह गई। भीलवाड़ा के मांडल थाना क्षेत्र में रविवार सुबह घने कोहरे के कारण बस बेकाबू होकर पलट गई। हादसा किशनपुरा चौराहे के पास पुष्पा ब्रिक्स के समीप हुआ। बस गुजरात के बारडोली से आसींद की ओर जा रही थी। बस में करीब 30 यात्री सवार थे। सुबह क्षेत्र में घना कोहरा छाया हुआ था, जिससे विजिबिलिटी बेहद कम हो गई थी। इसी दौरान ड्राइवर बस पर नियंत्रण नहीं रख सका और बस सड़क से नीचे उतरकर पलट गई।

हादसे की सूचना मिलते ही मांडल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला गया। एक यात्री गंभीर घायल हुआ है, जिसे नजदीकी हॉस्पिटल पहुंचाया गया। शनिवार को अजमेर में बारिश के साथ कई इलाकों में ओलावृष्टि हुई। इसके अलावा जयपुर, उदयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, कोटा और बारां सहित कई जिलों में बादल छाए रहे और कहीं-कहीं हल्की बारिश भी हुई। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने रविवार को प्रदेश के 13 जिलों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार फरवरी में न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है, जिससे इस बार फरवरी में सर्दी अपेक्षाकृत कम रह सकती है। अनुमान है कि 14-15 फरवरी के बाद प्रदेश में हल्की गर्मी का दौर शुरू हो सकता है।

सीकर में शनिवार रात बादल छाए रहे, लेकिन रविवार सुबह मौसम साफ हो गया और धूप निकली। एक और दो फरवरी को बारिश तथा तीन फरवरी को घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। अलवर में घने कोहरे के कारण दृश्यता 50 मीटर तक सिमट गई। न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने अगले दो दिन बारिश की संभावना जताई है। तुलेड़ा गांव और अरावली विहार क्षेत्र में सुबह कोहरे की मोटी चादर नजर आई। कोटपूतली में शनिवार शाम से शुरू हुई बारिश रविवार सुबह तक चलती रही। यह इस सीजन की चौथी मावठ है, जिससे रबी फसलों की पैदावार बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि बारिश और शीतलहर से जनजीवन प्रभावित हुआ। अजमेर और जयपुर में बारिश हुई। जयपुर के ग्रामीण इलाकों में देर रात हल्की बूंदाबांदी हुई। बादल छाने के कारण प्रदेश के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री तक बढ़ गया। उदयपुर, चित्तौड़गढ़, कोटा, सीकर, भीलवाड़ा, अजमेर और जयपुर में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से ऊपर रहा। सर्द हवा कमजोर पड़ने से गलनभरी ठंड से आंशिक राहत मिली।

### शौर्य चक्र से सम्मानित शहीद की पत्नी को अनुमन्य राशि के लिए दौड़ाने वाले कर्मी होंगे दंडित

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में शौर्य चक्र से सम्मानित शहीद महेन्द्र प्रताप सिंह की पत्नी महमूरगंज शिवपुरम कॉलोनी निवासिनी उमा सिंह को शौर्य चक्र की अनुमन्य राशि के लिए दौड़ाने वाले कर्मचारी दंडित होंगे। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने पूरे मामले को संज्ञान लिया है। शनिवार शाम जिलाधिकारी के निर्देश पर शहीद की पत्नी को सरकार द्वारा अनुमन्य एकमुश्त धनराशि 65 हजार रुपए का जहां भुगतान किया गया। वहीं, कलेक्ट्रेट के दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई भी होगी। इस पूरे प्रकरण की जांच ए०डी०एम० (प्रोटोकॉल)करेंगे। बताते चले महेन्द्र प्रताप सिंह सेना के सीमा सड़क संगठन (बीआओ)में जवान थे। उनकी तैनाती अफगानिस्तान में थी। वे 12 अप्रैल 2008 में आतंकवादियों के आत्मघाती हमले में शहीद हो गए थे। 15 अगस्त 2008 को तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने शहीद जवान को शौर्य चक्र से सम्मानित किया था।

## महंगा हुआ कमर्शियल गैस सिलिंडर, घरेलू सिलिंडर की कीमत में बदलाव नहीं

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) ने आज से 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में बढ़ोतरी कर दी है। हालांकि घरेलू उपयोग में आने वाले 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। मतलब रसोई गैस की कीमत में की गई बढ़ोतरी से घर के किचन के बजट पर कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। आज कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 49 रुपये से लेकर 50 रुपये तक बढ़ा दी गई है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक कीमत में की गई बढ़ोतरी के बाद



अब राजधानी दिल्ली में 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 1691.50 रुपये से बढ़ कर 1740.50रुपये हो गई है।

ताजा कटौती में कोलकाता में कमर्शियल सिलेंडर के दामों में 49.50 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। अब यहां 19 किलो का सिलेंडर 1,844.50 रुपये में मिल रहा है, जबकि पिछले महीने जनवरी में इसका रेट 1,795 रुपये था। इसके अलावा, मुंबई में 19 किलो एलपीजी सिलेंडर का नया रेट 49.50 रुपये बढ़ कर 1,692 रुपये हो गया है, जो पिछले महीने जनवरी में 1,642.50 रुपये था। वहीं चेन्नई में इसकी कीमत 50 रुपये बढ़ा कर 1,849.50 से 1,899.50 रुपये तय की गई है।

आज सिर्फ कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में ही कटौती हुई है। घरों में इस्तेमाल होने वाले 14.2 किलो के एलपीजी सिलेंडर (रसोई गैस) की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। घरेलू उपयोग वाले सिलेंडर की कीमत में आखिरी बार 8 अप्रैल 2025 को बदलाव हुआ था। दिल्ली में इसकी कीमत अभी 853 रुपये है। इसी तरह कोलकाता में 879 रुपये, मुंबई में 852.50 रुपये, चेन्नई में 868.50 रुपये, लखनऊ में 890.50 रुपये, अहमदाबाद में 860 रुपये, हैदराबाद में 905 रुपये, वाराणसी में 916.50 रुपये और पटना में 951 रुपये है। जानकारों का कहना है कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत हर महीने अंतरराष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमत और टैक्स स्ट्रक्चर के आधार पर तय की जाती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमत बढ़ाने या घटना का सीधा असर ऑयल मार्केटिंग कंपनियों की लागत पर भी पड़ता है। इसीलिए हर महीने की पहली तारीख को लागत की समीक्षा करके गैस सिलेंडर के नए दाम का ऐलान किया जाता है। बताया जा रहा है कि जनवरी के महीने में अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्राकृतिक गैस की कीमत में तेजी का रुख बना है। इसीलिए आज फरवरी के महीने के लिए कमर्शियल गैस की कीमत में कटौती करने का फैसला लिया गया है।

## मुख्यमंत्री साय आज रायपुर, बलौदाबाजार और महासमुंद जिले के दौरे पर

एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज रविवार को रायपुर, बलौदाबाजार और महासमुंद जिले के दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री साय आज सुबह 10.45 बजे मुख्यमंत्री निवास से कुशाभाऊ ठाकरे परिसर के लिए रवाना होंगे, इसके बाद वे सुबह 11 बजे कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में केंद्रीय बजट पर मंत्री निर्मला सीतारमण के भाषण को सुनेंगे। इसके बाद दोपहर 1.45 से दामाखेड़ा के लिए रवाना होंगे। बलौदाबाजार के दामाखेड़ा में संत समागम समारोह में शामिल होंगे। दोपहर 3.25 से बलौदाबाजार से रायपुर लौटेंगे। मुख्यमंत्री साय



4.30 बजे सिरपुर में सिरपुर महोत्सव 2026 कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। शाम 7.30 बजे मुख्यमंत्री निवास लौटेंगे।

# शुरूआती कारोबार में हाजिर सोना 8,610 रुपये तक टूटा, चांदी में 37 हजार की गिरावट

एजेंसी

**नई दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना और चांदी के भाव में लगातार आ रही गिरावट के कारण घरेलू सराफा बाजार में भी आज शुरूआती कारोबार के दौरान बड़ी गिरावट का रुख नजर आ रहा है। सोना आज के कारोबार में हाजिर 7,890 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 8,610 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। इसी तरह चांदी के भाव में आज शुरूआती कारोबार में 37,000 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट नजर आ रही है। सोने के भाव में आई इस जोरदार गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,60,580



रुपये से लेकर 1,60,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,47,200 रुपये से लेकर 1,47,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं चांदी की कीमत में आई कमजोरी के कारण दिल्ली सराफा बाजार में आज ये चमकीली धातु 3,13,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,60,730 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,47,350 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,60,580 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,47,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,60,630 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,47,250 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,60,580 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,47,200 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,60,580 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,47,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,60,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,47,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,60,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,47,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,60,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,47,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,60,730 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,47,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने के भाव में जोरदार गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,60,580 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,47,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

न्यूज IN ब्रीफ

## अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी केशव कुमार ने कटाया नजीर रसीद

**दुमका :** नगर पालिका आम निर्वाचनझ्र2026 के तहत जिले के नगर परिषद् दुमका एवं नगर पंचायत बासुकीनाथ क्षेत्र में नाम निर्देशन की प्रक्रिया 29 जनवरी 2026 से जारी है। इसी क्रम में नगर परिषद् दुमका क्षेत्र से अध्यक्ष पद के लिए शनिवार को 01 अभ्यर्थी केशव कुमार ने नाजिर रसीद कटवा कर नामांकन पत्र क्रय किया है।

## हिजला मेला सांस्कृतिक उप समिति की आयोजित बैठक संपन्न

**दुमका :** शनिवार को जिला परिषद् अध्यक्षा जॉयस बेसरा की अध्यक्षता में हिजला मेला सांस्कृतिक उप समिति की बैठक जिला परिषद् कार्यालय में आयोजित की गयी। बैठक में हिजला मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के सम्बन्ध में चर्चा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला परिषद् अध्यक्षा श्रीमती बेसरा ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम हिजला मेला का मुख्य आकर्षण होता है ' हमें हिजला मेला के गौरवमय परंपरा को बनाये रखते हुये उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुति सुनिश्चित करना है।

बैठक में सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु इच्छुक कलादलों से दिनांक 01 फरवरी से 08 फरवरी 2026 तक आवेदन आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। इच्छुक कलादल उक्त अवधि के दौरान अपने सदस्यों की सूची के साथ आवेदन अनुमंडल कार्यालय दुमका में जमा कर सकते है।

बैठक में जिला परिषद् उपाध्यक्ष सुधीर कुमार मण्डल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कंडुलना, जिला खेल पदाधिकारी तूफान कुमार पोद्दार, ईडीएम अमरदीप हांसदा, सीताराम मुर्मू, सुलेमान हांसदा, प्रेमलता हेम्ब्रम, बबीता मुर्मू एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थिति थे।

## नगर निकाय चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया जारी

**देवघर :** नगरपालिका आम चुनाव 2026 को लेकर शनिवार को पूरे नगर निकायों में नाम निर्देशन की प्रक्रिया जारी है। मिली जानकारी के मुताबिक देवघर जिला अंतर्गत देवघर नगर निगम में आज महापौर पद हेतु 02 प्रत्याशियों (उमा शंकर सिंह व रवि राउत) ने नामांकण कराया। इसके अलावे नगर परिषद् मधुपुर में शनिवार को अध्यक्ष पद हेतु 02 प्रत्याशियों (दरक्शान परवीन व तब्बसुम नाज) ने नामांकण कराया।जिला अन्तर्गत देवघर नगर निगम एवं मधुपुर नगर परिषद् में वार्डवार नाम निर्देशन सूचना प्राप्त है. देवघर नगर निगम के वार्ड संख्या 01 से 12 में वार्ड पद हेतु 01 प्रत्याशियों ने नामांकण कराया। देवघर नगर निगम के वार्ड संख्या 13 से 24 में वार्ड पद हेतु 09 प्रत्याशियों ने नामांकण कराया। देवघर नगर निगम के वार्ड संख्या 25 से 36 में वार्ड पद हेतु 07 प्रत्याशियों ने नामांकण कराया। मधुपुर नगर परिषद के वार्ड संख्या 01 से 12 में वार्ड पद हेतु 02 प्रत्याशियों ने नामांकण कराया। मधुपुर नगर परिषद में वार्ड संख्या 13 से 23 में वार्ड पद हेतु 06 प्रत्याशियों ने नामांकण कराया।

## टाटानगर से हल्दीपोखर के बीच लाइन का स्लीपर बदल रहा रेलवे

**जमशेदपुर :** टाटानगर से हल्दीपोखर स्टेशन के बीच रेलवे ब्लॉक लेकर लाइन का स्लीपर बदल रहा है। सुरक्षित ट्रेन परिचालन की योजना से बादामपहाड़ मार्ग में रेलवे लगातार सिस्टम सुधारने में जुटा है ताकि यात्री ट्रेनों और मालगाड़ियों की स्पीड बढ़ाई जा सके। इससे रेलवे तीसरी बार टाटानगर बादामपहाड़ मार्ग की मेमू ट्रेनों को रद्द कर रहा है। ताकि, लाइन मरमत एवं अन्य तरह के परिचालन कार्यों में दिक्कत नहीं हो और यात्री ट्रेन भी नहीं फंसे। इधर, आद्रा मंडल में लाइन ब्लॉक के कारण भी लगातार ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होता है लेकिन भविष्य में ट्रेनों की स्पीड बढ़ जाएगी।

## सड़क के किनारे नाला के खुले गड्ढे दे रहे हैं दुर्घटना को दावत

**चाकुलिया :** चाकुलिया नगर पंचायत में पुराना बाजार स्थित बिरसा चौक से शीशाखुन होते हुए पश्चिम बंगाल जाने वाली सड़क के किनारे नामोपाड़ा में बने जल निकासी के लिए बनाए गए नाला पर दर्जनों गड्ढे दुर्घटना को दावत दे रहे हैं। नाले पर लगाए गए दर्जनों ढक्कन टूट गए हैं। इसके कारण दर्जनों जगह पर नाला खुला रह गया है और उसमें कचरा बजबजा रहा है। यह सड़क काफी व्यस्त रहती है। इसलिए गड्ढों के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। वहीं नाले के कचरे से दुर्गंध फैलती है। इसके कारण स्थानीय निवासियों को परेशानियां होती हैं। मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। इसका खामियाजा वार्ड नंबर दो और तीन के निवासी भुगत रहे हैं। सड़क के किनारे बने नाला के इन गड्ढों पर ढक्कन लगाने की मांग स्थानीय ग्रामीण कर रहे हैं। परंतु नगर पंचायत प्रशासन का ध्यान इस ओर नहीं है। इसके कारण स्थानीय निवासियों में भरी रोष है।

## दो किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**जमशेदपुर:** परसुडीह पुलिस ने शनिवार शाम रेलवे अस्पताल के पीछे छापेमारी कर जुगसलाई महतो पाड़ा रोड निवासी शेख यासिन उर्फ बबन को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। शेख यासिन के पास से पुलिस ने दो किलो गांजा बरामद किया है। इस संबंध में परसुडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक क्षेत्र में गांजा सप्लाई करने के लिए आया है। सूचना पर पुलिस ने छापामारी की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## ऑल इंडिया पुलिस मीट तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेगी आरपीएफ

**जमशेदपुर :** आरपीएफ 23 फरवरी को दुर्ग में आयोजित होने वाली ऑल इंडिया पुलिस मीट तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेगी। तीरंदाजी प्रतियोगिता 2025-26 के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे जोन में आरपीएफ की टीम तैयार है। अभी टीम के खिलाड़ी चक्रधरपुर मंडल मुख्यालय के मैदान में अभ्यास कर रहे हैं। इधर, चक्रधरपुर मंडल द्वारा आयोजित अखिल भारतीय आरपीएफ तीरंदाजी प्रतियोगिता 2025-26 में दक्षिण पूर्व जोन आरपीएफ ने जेआरडी स्पोर्ट्स कंपलेक्स में बेहतर प्रदर्शन कर दक्षिण पूर्व रेलवे ओवरऑल चैंपियन रहा जबकि रनर अप साउथ सेंट्रल रेलवे रहा। प्रतियोगिता के दौरान अर्जुन अवॉर्डी और टाटा आर्चरी अकादमी की मुख्य संरक्षक पूर्णिमा महतो मुख्य अतिथि थी जबकि, आरपीएफ पोस्ट शैलेश चंद्रा, राकेश मोहन, अजय कुमार सिंह और खेल अधिकारी चक्रधरपुर मंडल गौतम प्रकाश गांधी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## ठेका मजदूरों की लंबित मांगों को लेकर हुई वार्ता

बरोरा। एएमपी कोलियरी में कार्यरत सेल पीकर मजदूरों (ठेका मजदूर) की लंबित मांगों को लेकर शुक्रवार को बरोरा क्षेत्रीय कार्यालय में स्थानीय जीएम के साथ यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन(एटक) के बैनर तले सेल पीकर मजदूरों की वार्ता हुई।

# पांच को कोडरमा में रहेंगे सीएम हेमंत सोरेन

### सीएम हेमंत सोरेन के आगमन को लेकर झामुमो की बड़ी बैठक संपन्न, संजय पाण्डेय की अध्यक्षता में बनी रणनीति, शालिनी गुप्ता करेंगी पार्टी में एंट्री

मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की सियासी गतिविधियां तेज हो गई हैं। रविवार को झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य संजय पाण्डेय के आवासीय कार्यालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के आगमन की तैयारी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय समिति सदस्य संजय पाण्डेय ने की, जबकि संचालन उमेश सिंह ने किया। बैठक में शालिनी गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहीं। अपने संबोधन में शालिनी गुप्ता ने कहा कि आगामी 05 फरवरी 2026 को माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी का आगमन कोडरमा के लोकाई मैदान में होने जा रहा है। उन्होंने घोषणा की कि वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी एवं श्रीमती कल्पना सोरेन जी की नीतियों और सिद्धांतों से प्रभावित होकर झामुमो में शामिल होने जा रही हैं। शालिनी गुप्ता ने कहा कि यह केवल उनका निर्णय नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और जनहित की राजनीति का हिस्सा है, जिसका साक्षी पूरे गुमो क्षेत्र की देवतुल्य जनता बनेगी। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य संजय पाण्डेय ने कहा कि शालिनी गुप्ता के पार्टी में शामिल होने से संगठन को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने इसे ह्यघर वापसीह्व बताते हुए कहा कि शालिनी गुप्ता का पूरा परिवार हमेशा से झामुमो से जुड़ा रहा है और उनका यह कदम पार्टी के लिए ऐतिहासिक साबित होगा। बैठक में झामुमो नगर सचिव मंटू वर्मा, सुरेन्द्र सिंह, तपेश्वर शर्मा, जयन्त शर्मा, दिनेश सिंह, सुदामा तिवारी, मनोहर राम, भुनेश्वर साव, उमेश सिंह, निशांत सिंह, मनोज वर्मा, गुड्डू सिंह, विपुल पाण्डेय, कुणाल सिंह, प्रशांत सिंह, सुधांशु सिंह, शशिकांत पाण्डेय, पप्पू सिंह सन्नी, अनिता देवी, किरण सिंह सहित सैकड़ों महिला-पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# नगरपालिका चुनाव जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



संवाददाता

**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में शनिवार को दुमका नगरपालिका (आम) चुनाव, 2026 को पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दुमका नगर परिषद् के व्यय प्रेक्षक कुन्दन कुमार सिंह एवं बासुकीनाथ नगर पंचायत के व्यय प्रेक्षक आत्म चैतन्य चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक व्यय प्रेक्षक, वीडियो सर्विलांस टीम, वीवीटी, अकाउंटिंग टीम, उड़नदस्ता (एफएसटी) एवं स्टेटिक सर्विलांस टीम के सदस्य शामिल हुए। इस दौरान उपस्थित सभी टीमों को उनके दायित्वों एवं कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई तथा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

व्यय प्रेक्षक ने कहा कि चुनाव के दौरान धनबल के दुरुपयोग एवं मतदाताओं को प्रलोभन देने की आशंका रहती है। ऐसे में सभी निगरानी एवं जांच टीमों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों के अनुरूप कार्य करते हुए निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव कराना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। बैठक को संबोधित करते हुएउप विकास आयुक्त अनिकेत सचान ने कहा कि जांच एवं निगरानी के दौरान आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने चुनावी सभाओं एवं गतिविधियों के दौरान उड़नदस्ता टीम को विशेष रूप से सजग रहने का निर्देश दिया। साथ ही, किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर स्टेटिक सर्विलांस टीम को तत्काल और प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# उदय मांझी कल करेंगे नामांकन

संवाददाता

**चक्रधरपुर :** 23 फरवरी को होने वाले नगर निकाय चुनाव के लिए चक्रधरपुर नगर परिषद से अध्यक्ष पद के उम्मीदवार उदय मांझी 2 फरवरी को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे इस मौके पर मुख्य रूप से उनके समर्थक मित्रगण शुभचिंतक भी उनका मनोबल और उत्साह बढ़ाने के लिए उपस्थित रहेंगे घर गौरतलब हो कि उदय मांझी को राजनीति उनके विरासत में मिली है उनके पिता स्वर्गीय देवेंद्र मांझी चक्रधरपुर एवं मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्रसे विधायक रह चुके हैं उनकी माता श्रीमती जोबा मांझी 1995 से लेकर 2024 तक निरंतर मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुनी जाती रही केवल वर्ष 2004 में वे चुनाव नहीं जीत पाई थी श्रीमती माझी के नाम एतिहासिक रिकॉर्ड भी है वह बिहार मंत्रिमंडल में भी मंत्री रह चुकी हैं इसके अलावे सर्वाधिक मुख्यमंत्री के कार्यकाल में वह काबीना मंत्री के रूप में कार्य करने का भी गौरवशाली रिकॉर्ड बनाया है यही नहीं झारखंड सरकार राज्य बनने के पश्चात श्रीमती मांझी पहली महिला मंत्री रही है 2024 के लोकसभा चुनाव में वह सिंहभूम सांसद क्षेत्र से सांसद चुनी गई तत्पश्चात मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र से उनके पुत्र जगत मांझी मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए इस प्रकार से उदय मांझी के नाम यह भी रिकॉर्ड है कि उनके पिता माता और भाई जनप्रतिनिधि चुने गए और राजनीतिक उन्हें विरासत में मिली है व्यवहार कुशल मृदु भाषी तथा सामाजिक कार्यों में हमेशा बढ़-कर कर हिस्सा लेने के साथ-



साथ वह लोगों के बीच काफी लोकप्रिय एवंजन प्रिय भी हैं तथा युवाओं के बीच उनके गहरी पेठ भी है 2 फरवरी को उदय मांझी के नामांकन के साथ ही उनकी राजनीतिक सक्रियता भी बढ़ेगी और वह जनसंपर्क अभियान मैं भी व्यापक रूप से जुट जाएंगे 2 फरवरी को उदय माझे के नामांकन को लेकर उनके समर्थक मित्रगण शुभचिंतक परिजनों में व्यापक रूप से हर्ष और उमंग देखा जा रहा है

# फुलवरिया में बिजली तार से मंडरा रहा मौत का खतरा

### शालिनी गुप्ता को सौंपा गया आवेदन, 20 परिवार दहशत में

### मकान से महज 5 फीट ऊपर गुजर रहा हाई वोल्टेज तार

### ग्रामीणों ने बिजली विभाग से अविलंब शिफ्टिंग की किया मांग

मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमा :** डोमचांच प्रखंड अंतर्गत फुलवरिया पंचायत के बीघा गांव स्थित रामनगर बजरंग बली मंदिर के सामने उस समय हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों ने 11,000 वोल्ट के उच्च क्षमता वाले बिजली तार को लेकर गंभीर खतरे की आशंका जताई। यह हाई वोल्टेज तार भुनेश्वर साव के मकान के ठीक ऊपर से गुजर रहा है, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। पीड़ित भुनेश्वर साव ने पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता को आवेदन सौंपते हुए बताया कि जब यह तार बिछाया जा रहा था, उस समय भी ग्रामीणों ने विरोध किया था, लेकिन बिजली विभाग ने उनकी एक नहीं सुनी और जबरन तार इसी रास्ते से पार कर दिया। उन्होंने बताया कि उनके पास मकान बनाने के लिए कोई अन्य जमीन नहीं थी, मजबूरी में दो मंजिला मकान बनाना पड़ा। वर्तमान में मकान की छत से मात्र 5 फीट ऊपर से 11,000 वोल्ट का तार गुजर रहा है, जो अब जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है। ग्रामीणों ने बताया कि इस तार के नीचे एवं आसपास करीब 20 परिवार निवास करते हैं। बरसात, तेज हवा, आंधी- तूफान या तकनीकी खराबी की स्थिति में जान-माल की अपूरणीय क्षति की आशंका बनी रहती है। इसको लेकर क्षेत्र में भय का माहौल व्याप्त है। स्थानीय लोगों द्वारा कई बार बिजली विभाग को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने जनहित और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर उक्त हाई वोल्टेज तार को अविलंब सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कराने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में डोमचांच थाना क्षेत्र के बेहराडीह में मकान के ऊपर से गुजर रहे तार की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो चुकी है, जिससे ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है। मौके पर उप मुखिया बासुदेव मेहता, बैजनाथ साव, मुकेश साव, भुनेश्वर साव, पंचायत समिति सदस्य रामदेव मेहता, गणित मेहता, मुन्नीलाल मेहता, सुनील मेहता सहित कई ग्रामीण और महिलाएं उपस्थित।




# वाहनों में गैर कानूनी मोडिफिकेशन कराया तो लगेगा भारी जुर्माना

**धनबाद :** वाहनों में गैर कानूनी अल्टरेशन (संरचनात्मक परिवर्तन) कराया तो भारी जुर्माना लगेगा। ट्रैफिक पुलिस एक फरवरी से ऐसे वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने जा रही है। अल्टरेशन या मोडिफिकेशन वाले वाहनों के खिलाफ पूरे जिले में अभियान चलेगा। कार में स्पॉट लाइट व बाइक में बुलेट साइलेंशर का चलन : शौक और अलग दिखने की चाह में लोग अपने वाहनों को मोडिफाइ करा लेते हैं। अपने शहर में अमूमन कारों में स्पॉट लाइट तो बाइक में बुलेट साइलेंशर लगाने का चलन युवाओं में हैं। नई कार और नई बाइक के बॉडी स्थानीय गैराज में खुलवाकर मोडिफाइड करा रहे हैं जो कि गैरकानूनी है। कारों में ब्लैक फिल्म तो आम बात है टायर में भी धड़ल्ले से मोडिफिकेशन किया जा रहा है। शहर में कई जगह मोडिफिकेशन के नाम से अलग दुकान ही चल रही है। जिसे देखने वाला कोई नहीं है। परेशान कर रही तेज आवाज करने वाली कोबरा साइलेंसर : बाइक में मोडिफिकेशन कर तेज आवाज करने वाले साइलेंसर लगाने का चलन बढ़ रहा है। तेज आवाज करने वाले मोडिफाइड साइलेंसर के नाम अलग - अलग हैं। जैसे की कोबरा, डॉलफीन, शॉर्क, मिनी पंजाबी, इंदौरी सहित अन्य। ये अलग - अलग नाम वाले मोडिफाइड साइलेंसर की आवाज भी अलग हैं। जहां से ये बाइक गुजरते हैं तेज आवाज ये या तो अपना ध्यान खिंचते हैं या फिर धड़कन बढ़ा देते हैं। वाहनों के अलट्रेशन के लिए बनाए हैं नियम : मोटर वाहन अधिनियम के तहत, किसी भी वाहन के मूल ढांचे (जैसे इंजन बदलना, बॉडी में बदलाव) में कोई भी परिवर्तन करने से पहले डीटीओ में आवेदन करना होता है। एमवीआई के अंतिम निरीक्षण के बाद ही वाहनों में अल्ट्रेशन की अनुमति दी जाती है। यह उतने ही बदलाव की अनुमति देती है जितना की सुरक्षा मानकों के दायरे में हो।

# हजारीबाग में बड़ी कार्रवाई, भारी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद

संवाददाता

**हजारीबाग :** पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ दो बड़ी कार्रवाई की हैं. इनमें ब्राउन शुगर और अवैध विदेशी शराब की भारी मात्रा जब्त की गई है, साथ ही कई तस्करों को गिरफ्तार किया गया है.

ब्राउन शुगर तस्करी का नेटवर्क भंडाफोड़, 7 गिरफ्तार

हजारीबाग पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कोर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगवां हवाई अड्डा के समीप कुछ लोग बड़े पैमाने पर ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री की तैयारी कर रहे हैं. इस सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सीडीपीओ) सदर के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम गठित की गई. टीम ने नगवां हवाई अड्डा के निकट एक खंडहरनुमा मकान के पास संदिग्ध युवकों को देखा. घेराबंदी कर सभी को पकड़ा गया और तलाशी ली गई. कार्रवाई में 166.5 ग्राम ब्राउन शुगर, 3 लाख 51 हजार 700 रुपये नकद, 2 मोटरसाइकिल और 6 मोबाइल फोन जब्त किए गए.



पूछताछ में पता चला कि आरोपी चतरा जिले से ब्राउन शुगर लाकर हजारीबाग के विभिन्न इलाकों में बेचने की तैयारी कर रहे थे. सभी आरोपियों के खिलाफ कोर्रा थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया और उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया.

गिरफ्तार आरोपियों में संतोष कुमार साव (मुख्य पेडलर, चतरा जिले के पितीज गांव निवासी), सावन कुमार, संतोष कुमार, प्रशांत कुमार, अनिल कुमार, संतोष कुमार (हजारीबाग निवासी), योगेश प्रसाद और धर्मेंद्र कुमार (चतरा निवासी) शामिल है.

अवैध शराब की 60 पेटी जब्त, 1 तस्कर गिरफ्तार

दूसरी कार्रवाई टाटीझरिया थाना क्षेत्र के बौधा जंगल में हुई. पुलिस को सूचना मिली कि यहां पिकअप गाड़ी से अवैध शराब की तस्करी हो रही है. टीम ने जंगल के पास बिना नंबर प्लेट वाली चार पहिया गाड़ी देखी. पुलिस को देखते ही चालक ने भागने की कोशिश की, लेकिन उसे दौड़ाकर पकड़ लिया गया.

गाड़ी की तलाशी में 60 पेटी अवैध विदेशी शराब बरामद हुई. गिरफ्तार आरोपी रामचंद्र टाटीझरिया (हजारीबाग) का ही निवासी है. उसने बताया कि शराब को टाटीझरिया से बिहार ले जाकर बेचने की योजना थी. आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया.

नशा तस्करों में हड़कंप

हजारीबाग पुलिस की इन दोहरी कार्रवाइयों से अवैध नशे और शराब के कारोबारियों में दहशत का माहौल है. इसे नशे के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है. समाज को नशे से मुक्त रखने के लिए आम लोगों को भी जागरूक होने की जरूरत है. यदि आसपास नशे का कारोबार दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, क्योंकि नशा समाज को खोखला बनाता है.